आज का विचार

जिंदगी एक पल है,
जिसमें न आज है न कल है,
जी लो इसको इस तरह कि
जो भी आपसे मिले, यही कहे
बस यही मेरी जिंदगी का
सबसे हसीन पल है।

# दैनिक सिटी दर्पण
आईना सच का



2

सिटी दर्पण-राष्ट्रीय दैनिक हिंदी समाचार पत्र की अधिकारिक वेबसाइट पर जाने के लिए स्कैन करें।

चंडीगढ़। मंगलवार, 2 जनवरी, 2024 | वर्ष 22, अंक 2, मूल्य: 3 रुपए | RNI Regn No.: CHAHIN/2003/09265 Established 2003 | www.citydarpan.com


# आयुष्मान चिरायु हरियाणा योजना के तहत कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा का राज्यपाल दत्तात्रेय और मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किया शुभारंभ

## नववर्ष पर सरकारी कर्मचारियों व उनके आश्रितों को हरियाणा सरकार ने दी बड़ी सौगात: हरियाणा के सभी नियमित कर्मचारी ले सकेंगे कैशलेस उपचार की सुविधा का लाभ : योजना के तहत सभी प्रकार के इनडोर उपचार/डे केयर प्रक्रियाएं की गई हैं शामिल










भूपेंद्र शर्मा
चंडीगढ़ (दर्पण न्यूज सर्विस)

हरियाणा सरकार ने नववर्ष 2024 के अवसर पर सरकारी कर्मचारियों व उनके आश्रितों को कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा का बड़ा तोहफा दिया है। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने आज यहां आयुष्मान योजना के तहत कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी उपस्थित रहे।

राज्य सरकार ने 1 नवंबर, 2023 को कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए दो विभागों नामतः मत्सय व बागवानी के कर्मचारियों को शामिल करते हुए पायलट आधार पर योजना शुरू की थी, जिसे आज सभी नियमित सरकारी कर्मचारियों के लिए विस्तारित कर दिया गया है। इसके अलावा, इस योजना को पायलट आधार पर बागवानी और मत्स्य पालन विभाग, आईएएस, आईपीएस और आईएफओएस के कर्मचारियों और उनके आश्रितों तक भी बढ़ाया जा रहा है। यह योजना आयुष्मान भारत हरियाणा स्वास्थ्य संरक्षण प्राधिकरण (राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण) के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज यहां आयोजित कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को सांकेतिक रूप से आयुष्मान कार्ड भी वितरित किए।

सभी हितधारकों जैसे पैनलबद्ध अस्पतालों और लाभार्थियों को इस कैशलेस योजना से बहुत लाभ होगा क्योंकि इसके अंतर्गत सूचीबद्ध प्रक्रियाएं पूर्ण रूप से कैशलेस होंगी और अस्पताल को एक निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर एक ही प्लेटफॉर्म से उनके दावों को मंजूरी मिल जाएगी। यह योजना लाभार्थियों और अन्य हितधारकों को अधिक कुशल, निर्बाध, परेशानी मुक्त और समयबद्ध सेवाएं प्रदान करेगी।

यह योजना मौजूदा प्रावधानों के अनुसार न केवल छः जीवन-घातक आपात बिमारियों यानी हृदय संबंधी आपात स्थिति, मस्तिष्क रक्तस्त्राव, कोमा, बिजली का झटका, थर्ड व फोर्थ स्टेज कैंसर रोगी, और किसी भी प्रकार की दुर्घटनाओं को कवर करती है, बल्कि यह लाभार्थियों की स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करते हुए सभी प्रकार के इनडोर उपचारों /डे केयर प्रक्रियाओं को कवर करती है। ये सेवाएं इस योजना के तहत डीजीएचएस के पैनल में शामिल सभी अस्पतालों में लाभार्थियों के लिए उपलब्ध होंगी।

सूचीबद्ध अस्पतालों में योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए सभी लाभार्थियों को ई-कार्ड/सीसीएचएफ कार्ड जारी किया जाएगा। लाभार्थी पेयी कोड, आधार नंबर या पीपीपी नंबर का उपयोग करके लाभ उठा सकते हैं। योजना के तहत पूरा खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य सचिव संजीव कौशल, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती जी अनुपमा, पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर, हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण की चेयरपर्सन श्रीमती केशनी आनंद अरोड़ा, राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह और आयुषमान भारत के सीईओ राजनारायण कौशिक सहित कई वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

### ग्राम दर्शन पोर्टल के माध्यम से सरकार को बताएं मन की बात

चंडीगढ़। ग्रामीण अंचल के निवासी अब सरकार को विकास कार्यों संबंधी मांग, शिकायत और सुझाव सीधे ऑनलाइन माध्यम से दे सकते हैं। हरियाणा सरकार द्वारा इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया गया है। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम दर्शन पोर्टल सरकार की एक व्यापक, सहभागी, पारदर्शी और जवाबदेह पहल है। इसका उद्देश्य निर्वाचित प्रतिनिधियों, सरकार और ग्रामीण निवासियों के बीच संबंध स्थापित करना है। यह पोर्टल ग्रामीणों को अपनी मांग, शिकायत व सुझाव देने का एक सुविधाजनक एवं सरल माध्यम है। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल पर ग्रामीणों द्वारा दिए गए सुझावों के आधार पर भविष्य की विकास योजनाओं का खाका तैयार किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने विभाग से संबंधित कार्यों की प्राथमिकताएं तय करें। उन्होंने बताया कि सरकार की प्राथमिकता लोगों की शिकायतों का निवारण करना है। ग्राम दर्शन पोर्टल पर कोई भी व्यक्ति केवल अपने स्थाई निवास के गांव (जो परिवार पहचान पत्र में दर्ज हो) के संबंध में शिकायत दर्ज कर सकेगा। ग्रामीणों द्वारा दिया गया सुझाव और मांग सीधे सरपंच/पंचायत समिति सदस्य/जिला परिषद सदस्य/विधायक और सांसद को दिखाई देंगे। सभी जनप्रतिनिधियों को उनके अधिकार क्षेत्र के ही सुझाव डैशबोर्ड पर दिखाई देंगे, जिन्हें संबंधित जनप्रतिनिधि संस्तुति के साथ आगे बढ़ा सकेंगे। पोर्टल पर सुझाव/शिकायत दर्ज कराने के साथ ही एक आईडी जेनरेट होगी जो संबंधित आवेदक को एसएमएस के माध्यम से मिलेगी। इसके साथ ही आवेदक को समय समय पर सुझाव/शिकायत पर हुई कार्रवाई की अपडेट सूचना एसएमएस के मध्यम से मिलती रहेगी।

## नए साल से पहले हादसों से दहला महाराष्ट्र, पांच की मौत, 23 जखमी, कई परिवार उजड़े

दर्पण न्यूज सर्विस
मुंबई

महाराष्ट्र के अहमदनगर-दौड हाईवे पर ट्रक और जाइलो कार की भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 8 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। यह भयानक हादसा उस वक्त हुआ जब तेज रफ्तार जाइलो कार और ट्रक आमने-सामने आ गए। हादसे में शेख परिवार तबाह हो गया। इस भीषण हादसे में शेख परिवार के 13 साल के दो बच्चों समेत 30 साल के एक अन्य व्यक्ति की जान चली गई। मृतकों की पहचान शाबाज शेख, गाजी बांगी और लुजैन शेख के तौर पर हुई हैं। हादसे में 8 लोग घायल हो गए। उन्हें दौंड और श्रीगोंदा में प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि शेख परिवार कल्याण से श्रीगोंदा तालुका के कोलगांव स्थित दरगाह पर दर्शन के लिए आया था।

उधर ठाणे में सुबह नासिक-मुंबई हाईवे पर एक एसयूवी की ट्रक से भिड़ंत हो गई। हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा सुबह करीब साढ़े सात बजे पांच पखड़ी इलाके में



हुआ। एसयूवी पालघर जिले के वसई से ठाणे स्टेशन की ओर रेलवे के केबल लेकर जा रही थी। इस बीच एसयूवी का टायर पंक्चर हो गया। जिस वजह से एसयूवी अनियंत्रित होकर ईंट लेकर भिवंडी इलाके से मुंबई के मानखुर्द जा रही ट्रक से टकरा गई। घायलों को ठाणे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो घायलों की हालत गंभीर है, उन्हें मुंबई के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।


दूसरी तरफ मनोर-विक्रमगढ़ मार्ग पर बोरांडा में एक एसटी बस हादसे की शिकार बन गई। दुर्घटना में दो बच्चों की मौत हो गई और करीब 10 लोग घायल हो गए। पालघर से शिरडी जा रही एसटी बस को ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई और 10 से 15 यात्री घायल हो गए।

## हेमंत सोरेन देंगे इस्तीफा, पत्नी को बनाएंगे सीएम, बीजेपी सांसद के बयान से मचा घमासान

दर्पण न्यूज सर्विस
नई दिल्ली

नए साल की शुरूआत के साथ ही झारखंड की सियासत में बड़ी तब्दीली की संभावना ने जोर पकड़ लिया है। ईडी के सातवें एवं आखिरी समन की डेडलाइन 31 दिसंबर, 2023 तक सीएम सोरेन की ओर से कोई जवाब नहीं देने और अब सत्तारूढ़ पार्टी जेएमएम के एक विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे से इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि आने वाले कुछ दिनों में राज्य की सियासत में बड़ा घटनाक्रम देखने को मिल सकता है। ईडी अब जांच में असहयोग का हवाला देकर हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के लिए अदालत से वारंट मांग सकती है।

इसी बीच बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने एक ट्विट किया जिसके बाद से चर्चा है कि उनकी गिरफ्तारी के बाद सत्तारूढ़ गठबंधन उनकी पत्नी कल्पना सोरेन को नया नेता चुन सकता है और उन्हें राज्य की नई मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ दिलाई जा सकती है। इसलिए गांडेय क्षेत्र से झामुमो विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे को सोची-समझी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है, ताकि इससे रिक्त होने वाली सीट पर भविष्य में कल्पना सोरेन को विधायक का चुनाव लड़ाया जा सके।



भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा सांसद निशिकांत दुबे तंज कसते हुए कहा कि जल्दी ही सीएम सोरेन भी उनके विधायक के नक्शेकदम पर चलते नजर आएंगे। उन्होंने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर कहा, 'झारखंड के गांडेय विधायक सरफराज अहमद ने विधानसभा से इस्तीफा दिया, इस्तीफा स्वीकार हो गया। हेमंत सोरेन जी मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देंगे, झारखंड की अगली मुख्यमंत्री उनकी पत्नी कल्पना सोरेन जी होंगी। नया साल सोरेन परिवार के लिए कष्टदायक।'

रांची में जमीन घोटाले की जांच कर रही ईडी ने बीते 29 दिसंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सातवीं बार समन भेजा था।

### झारखण्ड में 60 नहीं 50 साल की उम्र से ही मिलेगी पेंशन, सरकार ने किया बड़ा ऐलान

नई दिल्ली। नए साल के अवसर पर इस राज्य की सरकार ने वृद्ध लोगों को बड़ा तोहफा दिया है। राज्य सरकार ने ऐलान किया कि उनकी सरकार जल्द ही एससी, एसटी और ओबीसी के लिए राज्य की वृद्धावस्था पेंशन की आयु सीमा 60 वर्ष से घटाकर 50 वर्ष कर देगी। यानी इस कैटेगरी में जो भी 50 साल की आयु को पार कर लेंगे, उन्हें पेंशन मिलने लगेगी। सीएम ने कहा कि बिहार, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और बंगाल जैसे पड़ोसी राज्यों में वरिष्ठ नागरिकों को 250 रुपये से 300 रुपये की मासिक पेंशन दिया जा रहा है लेकिन हम 1,000 रुपये दे रहे हैं। झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के आदिवासी और दलित 50 की उम्र के होते ही पेंशन लेने के हकदार हो जाएंगे। शिबू सोरेन द्वारा बनाई गयी पार्टी झारखण्ड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) सरकार के चार वर्ष पूरे होने के मौके पर रांची में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हेमंत सोरेन ने यह घोषणा की। सोरेन ने कहा, सरकार ने आदिवासियों और दलितों को 50 की उम्र होने पर पेंशन लाभ प्रदान करने का फैसला किया है। उनमें मृत्यु दर अधिक है और उन्हें 60 वर्ष के बाद नौकरियां भी नहीं मिलतीं। यह फैसला विशेषरूप से राज्य के कमजोर आदिवासी समूहों के लिए बेहद लाभकारी साबित होगा। सीएम सोरेन ने आगे दावा किया कि पहले निर्धन वर्ग के लोगों के हक को मारा जाता था। लेकिन उनकी सरकार ने जनहित में कई अहम फैसला लिया। सोरेन ने बताया कि वर्ष 2000 में झारखण्ड राज्य बनने के बाद से 20 वर्षों में सिर्फ 16 लाख लोगों को पेंशन लाभ मिला, लेकिन उनकी सरकार ने लाभार्थियों की संख्या बढ़ा दी है और अब यह 36 लाख लोगों को पेंशन प्रदान करती है। हेमंत सोरेन ने कहा,अब हम एक कदम आगे जा रहे हैं और आदिवासी और दलित लाभार्थियों के लिए आयु सीमा को घटाकर 50 वर्ष कर रहे हैं। वर्तमान में राज्य एक यूनिवर्सल मासिक पेंशन योजना चला रहा है और इसके तहत वरिष्ठ नागरिकों, विकलांग व्यक्तियों, अकेली महिलाओं, विधवाओं को पेंशन मिल रहा है। इसमें लगभग 36 लाख लाभार्थी शामिल हैं। सोरेन ने रांची में आयोजित कार्यक्रम में कहा, हमारी सरकार के चार वर्षों में हमने 60 साल से अधिक उम्र के 36 लाख लोगों को पेंशन प्रदान की है।

## जापान में भूकंप के 21 झटकों मचा हाहाकार, 50 हजार घरों में बिजली गुल



नई दिल्ली। जापान में सोमवार को भूकंप के कई झटके महसूस किए गए। वहीं, कई स्थानों पर हाहाकार मच गया है। स्थिति को देखते हुए भारतीय दूतावास ने नागरिकों के लिए इमरजेंसी मोबाइल नंबर जारी किया है। जापान में आज यानी नए साल के पहले दिन लगभग डेढ़ घंटे के भीतर 4.0 वाले भूकंप के 21 झटके महसूस किए गए। इस दौरान एक भूकंप का मैग्निट्यूड भूकंप मापी यंत्र पर 7.6 दर्ज किया गया। समुद्र में ऊंची- ऊंची लहरें उठने के बाद देश के उत्तर-पश्चिमी तटीय क्षेत्र में सुनामी का अलर्ट जारी कर दिया गया है और वहां के स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थान पर जाने की सलाह दी गई है। जापानी मौसम विभाग केंद्र ने इशिकावा प्रांत के नोटो शहर में एक बड़ी सुनामी का अलर्ट जारी किया है, जिसमें करीब 5 मीटर ऊंची लहरें उठने की भविष्यवाणी की गई है। इस भूकंप की घटना के बाद देश के कई इलाकों में हाहाकार मच गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, लगभग 50 हजार घरों में बिजली सप्लाई ठप हो गई है। सड़कों पर लोगों की आवाजाही बंद हो गई है। रूसी न्यूज एजेंसी ताश के अनुसार, जापान के करीब स्थित देश के पश्चिमी तटीय हिस्सों में सुनामी के खतरे मंडरा रहे हैं। भूकंप के झटकों के बाद जापान में मौजूद भारतीय दूतावास ने भारतीय लोगों के लिए एक इमरजेंसी कंट्रोल रूम बनाया है। दूतावास के अधिकारियों ने एक बयान में कहा कि भूकंप और सुनामी के अलर्ट के बाद हम संबंधित अधिकारियों के संपर्क में है।

### आज का कार्टून




## सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा

दर्पण न्यूज सर्विस
चंडीगढ़

विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को जिला सोनीपत के गांव शेखपुरा एवं सैंया खेड़ा में पहुंची। यात्रा के गांव में पहुँचने पर गन्नौर विधायक निर्मल चौधरी ने ग्रामीणों संग यात्रा का भव्य स्वागत किया। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का संदेश भी सुनाया गया। यात्रा के आयोजन का मुख्य लक्ष्य जरूरतमंद और पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना है। विभिन्न विभागों की ओर से सुनिश्चित किया जा रहा है कि हर पात्र व्यक्ति तक लाभ पहुँचे।

इस अवसर पर विधायक निर्मल चौधरी ने कहा कि ह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्व अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए शुरू की गई है। यात्रा को लेकर समय-समय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मार्गदर्शन अद्भुत रहा है और अब तो यह समय आ गया है कि पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी में अपना विश्वास व्यक्त कर रहा है।

विधायक ने ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की ओर से शुरू की गई राष्ट्रव्यापी ह्यविकसित भारत-जनसंवाद-संकल्प यात्राह्य के माध्यम से ह्यआत्मनिर्भर व विकसितह्व भारत व अंत्योदयह्व का सपना साकार होता नजर आ रहा है। यह कार्यक्रम जरूरतमंद व विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गए पात्र लोगों के लिए मददगार साबित हो रहा है। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीण सरकारी सेवाओं का लाभ लेने के लिए पहुंचे। कार्यक्रमों में ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प शपथ दिलाई गई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जहां एक तरफ महिलाओं को सही पोषण, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, बच्चों के स्वास्थ्य बारे, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की जानकारी देने के साथ-साथ छोटे बच्चों का वजन मापा और सही पोषण की जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों के स्वास्थ्य को जांचा गया। इस दौरान पशुपालन विभाग द्वारा पशुपालकों को पशुओं में आने वाली बीमारियों से बचाव व उपचार तथा पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड के बारे में जानकारी दी।

**सोमवार को सोनीपत के गांव शेखपुरा व सैंयाखेडा में पात्र लाभार्थियों को किया गया लाभान्वित**



# जब सरकारें प्राईवेट सैक्टर को बेच रहीं, तब पंजाब ने प्राईवेट थर्मल प्लांट खरीद इतिहास रचा : मान

## नये साल के तोहफे के अंतर्गत पंजाब ने अब तक की सबसे कम कीमत पर खरीदा थर्मल प्लांटः राज्य को बिजली की खरीद में 300 से 350 करोड़ रुपए बचेंगे, खरीददारों को होगा फायदा

**दर्पण न्यूज सर्विस**
चंडीगढ़

राज्य निवासियों को नये साल का तोहफा देते हुये पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सोमवार को कहा कि पंजाब ने 1080 करोड़ रुपए की लागत के साथ प्राईवेट कंपनी जी. वी. के. पावर के स्वामित्व वाला गोइन्दवाल पावर प्लांट खरीद कर इतिहास रचा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहली दफा है जब सरकार ने कोई प्राईवेट पावर प्लांट खरीद कर विपरीत दौर शुरू किया है, जबकि पिछले समय में राज्य सरकारें अपने चहेते को कम कीमतों पर सरकारी संस्थान बेचने की आदी थीं। उन्होंने कहा कि किसी राज्य सरकार की तरफ से पावर प्लांट का यह सबसे कम कीमत पर किया समझौता है क्योंकि 600 मेगावाट के क्षमता वाले कोरबा वेस्ट, झाबुआ पावर और लैंको अमरकंटक जैसे पावर प्लांट क्रमवार 1804 करोड़ रुपए, 1910 करोड़ और 1818 करोड़ रुपए में खरीदे गए। उन्होंने कहा कि यह 540 मेगावाट के क्षमता वाला पावर प्लांट दो करोड़ रुपए प्रति मेगावाट के हिसाब के साथ खरीदा गया है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह किसी पावर प्लांट के लिए अब तक की सबसे कम कीमत है, जबकि अब तक हुई खरीदों के मुताबिक कीमत तीन करोड़ रुपए प्रति मेगावाट पड़ी है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इस प्लांट का नाम तीसरे गुरू साहिब के नाम पर श्री गुरु अमरदास थर्मल पावर प्लांट होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस थर्मल प्लांट की क्षमता 61 प्रतिशत थी, जबकि इसमें से सिर्फ.34 प्रतिशत तक का ही प्रयोग होता था परन्तु अब इस प्लांट की क्षमता को 75 से 80 प्रतिशत तक किया जायेगा, जिससे राज्य में बिजली पैदावार में विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि इससे बिजली खरीद समझौतों में से 33 प्रतिशत ( प्राईवेट थर्मल प्लांटों के साथ हुए तीन समझौतों में एक ) की कटौती हो जायेगी। भगवंत सिंह मान ने व्यंग्य किया कि पहली जनवरी 2018 को बठिंडा और रोपड़ के सरकारी पावर प्लांट पक्के तौर पर बंद कर दिए गए थे परन्तु आज जनहितैषी सरकार ने राज्य में बिजली सप्लाई बढ़ाने के लिए प्राईवेट पावर प्लांट खरीदा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पछवाड़ा कोयला खदान का कोयला सिर्फ.सरकारी बिजली प्लांटों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। इस कारण अब इस प्लांट की खरीद से यह कोयला यहाँ बिजली उत्पादन के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा, जिससे राज्य के हरेक क्षेत्र को बिजली मुहैया होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस खरीद समझौते से बिजली की दर में प्रति यूनिट एक रुपए की कटौती करने में मदद मिलेगी, जिससे बिजली खरीद पर 300 से 350 करोड़ रुपए की बचत होगी। इससे राज्य के खपतकारों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि पछवाड़ा कोयला खदान से कोयला मिलने के कारण बिजली की उच्च पैदावार ( दोगुनी से अधिक ) करने में मदद मिलेगी क्योंकि प्लांट लोड फैक्टर अब तक के औसतन 34 प्रतिशत के मुकाबले 75 से 80 प्रतिशत तक पहुँचने की संभावना है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इससे पंजाब के नौजवानों के लिए रोजगार के नये मौके खुलेंगे, जिससे वह राज्य की तरक्की और खुशहाली में बराबर हिस्सेदार बनेंगे।



- प्लांट का नाम तीसरे गुरू साहिब श्री गुरु अमरदास जी के नाम पर होगा
- सौर ऊर्जा खरीद समझौतों की समीक्षा का ऐलान

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि 540 मेगावाट (2270) की क्षमता वाला गोइन्दवाल प्लांट के प्रोजैक्ट का विचार साल 1992 में किया गया था। उन्होंने कहा कि शुरूआती तौर पर 500 मेगावाट की क्षमता वाले प्लांट का समझौता साल 2000 में हुआ था जिसके बाद 540 मेगावाट की क्षमता वाले प्लांट के लिए एम. ओ. यू. साल 2006 में हुआ था और इसके उपरांत साल 2009 में 540 मेगावाट के लिए संशोधित बिजली खरीद समझौता हुआ था। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह प्रोजैक्ट साल 2016 में अमल में आया था परन्तु अब पी. एस. पी. सी. एल. ने 11 और कंपनियों के मुकाबले में इसको खरीद लिया था। इन 11 कंपनियों में जिन्दल पावर, अदानी पावर, वेदांता ग्रुप, रश्मि मेटालिकस, शेरीशा टैकनालौजिज, साई वर्धा पावर, मेगा इंजीनियरिंग एंड इनफ्रास्टरक्कचर, इंडिया कोक एंड पावर प्राईवेट लिमिटेड, आर. के. जी. फंड ( आर. के. जी. ट्रस्स्ट ), के. एल. यू. रिसोर्स और कैपरी ग्लोबल होलडिंग एंड प्राईवेट लिमटड ने फरवरी, 2023 को अपने आवेदन जमा करवाये थे, जिसके बाद आखिर में पी. एस. पी. सी. एल ने इसको खरीद लिया।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि साल 2016-2023 के दरमियान राज्य सरकार ने इस प्लांट से 7902 करोड़ रुपए अदा करके 11165 मिलियन यूनिट बिजली खरीदी थी। उन्होंने कहा कि दुख इस बात का है कि बिना बिजली खरीदे जी. वी. के. थर्मल प्लांट को 1718 करोड़ अदा करने पड़े। पावर प्लांट को 7.08 रुपए प्रति औसतन यूनिट मुताबिक अदायगी की गई। भगवंत सिंह मान ने कहा कि पछवाड़ा कोयला खदान से कोयले की स्पलाई शुरू होने से बिजली की कीमत प्रति यूनिट 4.50 रुपए प्रति यूनिट होगी जिससे सालाना 300- 350 करोड़ रुपए की बचत होगी और यह पैसा लोगों की भलाई पर खर्चा जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 31 दिसंबर तक पी. एस. पी. सी. एल. के सभी बकाए अदा किये जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह प्लांट सरकार के हाथों में आने से राज्य में अब तीन सरकारी और दो प्राईवेट थर्मल प्लांट कार्यशील हैं। भगवंत सिंह मान ने याद करते हुये कहा कि साल 2009 में इस प्लांट की शुरूआत के मौके हुए समागम के दौरान उन्होंने अपनी कला का प्रदर्शन किया था और खुशकिस्मती से अब परमात्मा ने इस प्लांट को खरीदने के लिए भी उनको चुना है और इस प्रोजैक्ट से लोगों को और अतिरिक्त ज्यादा बिजली सप्लाई मिलेगी।

एक अन्य सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद भगत सिंह, शहीद राजगुरू, शहीद सुखदेव, लाला लाजपत राय, शहीद उधम सिंह, शहीद करतार सिंह सराभा, माँ भागों, गदरी बाबा समेत महान शहीदों को रद्द की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार गणतंत्र दिवस की परेड में पंजाब की झांकी को शामिल न करके इन नायकों के महान योगदान और बलिदानों का महत्व घटाने की कोशिश कर रही है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह बरताव बर्दाश्त नहीं किया जा सकता क्योंकि यह कदम हमारे महान देश भक्तों और राष्ट्रीय नेताओं का घोर निरादर है।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य के भाजपा प्रमुख झलकियों के मसले पर साफ तौर पर झूठ बोल रहे हैं क्योंकि उनको अपने अकाओं की तरह झूठ बोलने की कला में परिपक्व होने की महारत हासिल नहीं हुई। उन्होंने कहा कि जाखड़ ने हाल ही में भाजपा का दामन थामा है जिस कारण वह अभी हाईकमान की तरफ से तैयार की सक्रिपटें पढ़ने के आदी नहीं हुए। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि भाजपा लीडरशिप पंजाब को दरकिनार करके झांकियां दिखाने के बारे सोच रही है।

## गैंगस्टर गोल्डी बराड़ आतंकी घोषित, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उठाया बड़ा कदम

**दर्पण न्यूज सर्विस**
चंडीगढ़

गैंगस्टर गोल्डी बराड़ को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को आतंकी घोषित कर दिया है। इससे पहले लखबीर सिंह लंडा को भी केंद्र सरकार आतंकी घोषित कर चुकी है। ये दोनों कनाडा में छिपे हैं। पंजाब में रंगदारी और सीमा पार से हथियार व नशे की तस्करी में भी शामिल हैं। गोल्डी बराड़ कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का खास साथी है। पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद गोल्डी बराड़ ने ही जिम्मेदारी सोशल मीडिया पर ली थी। ब्रैम्पटन में छिपा गोल्डी बराड़ प्रतिबंधित आतंकवादी समूह बब्बर खालसा इंटरनेशनल से भी जुड़ा है। गोल्डी बराड़ का असली नाम सतविंदर सिंह है। 1994 में पंजाब के मुक्तसर साहिब जिले में उसका जन्म हुआ। गोल्डी बराड़ के पिता पंजाब पुलिस से रिटायर्ड उप निरीक्षक हैं। पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या का आरोपी बराड़ कनाडा में छिपा है। बराड़ लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का है और उसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास और हथियारों की तस्करी जैसे लगभग 13 मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ इंटरपोल रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी कर चुका है। सितंबर महीने में गोल्डी बराड़ के ठिकानों पर पुलिस ने छापेमारी की थी। वहीं राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) भी बराड़ के जुड़े लोगों के ठिकानों पर छापेमारी कर चुकी है।



गोल्डी बराड़ से पहले 30 दिसंबर यानी शनिवार को केंद्र सरकार ने लखबीर सिंह लंडा को आतंकी घोषित किया था। आतंकी लखबीर सिंह लंडा पंजाब में आरपीजी हमले का मास्टरमाइंड है। इससे पहले एनआईए 15 लाख रुपये का इनाम लंडा के खिलाफ घोषित कर चुकी है। पंजाब के तरनतारन जिले के हरिके गांव का रहने वाला लखबीर फिलहाल कनाडा में छिपा है। एनआईए ने उसके खिलाफ पिछले साल 20 अगस्त को आईपीसी की धारा 120बी, 121, 121ए और गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) 1967 की धारा 17, 18, 18-बी और 38 के तहत देश के विभिन्न हिस्सों में गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल होने का मामला दर्ज किया था।

लखबीर सिंह लंडा 2017 में हत्या, हत्या के प्रयास और एनडीपीएस में नामजद होने के बाद कनाडा भाग गया था। 2021 में अमृतसर के पट्टी में दो अकाली कार्यकताओं की हत्या में उसका नाम आया था। पंजाब के मोहाली और तरनतारन में आरपीजी अटैक का लखबीर मास्टरमाइंड है।

## सीनियर आईएएस अधिकारी विजॉय कुमार सिंह ने सीम के विशेष मुख्य सचिव के तौर पर पद संभाला

**दर्पण न्यूज सर्विस**
चंडीगढ़

सीनियर आई. ए. एस. अधिकारी श्री विजॉय कुमार सिंह ने आज राज्य सरकार के सीनियर अधिकारियों की हाजिरी में मुख्यमंत्री के विशेष मुख्य सचिव के तौर पर पद संभाला।

पद संभालने के उपरांत मीटिंग की अध्यक्षता करते हुये मुख्यमंत्री के विशेष मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की जनहितैषी और विकास प्रमुख नीतियों का लाभ जमीनी स्तर तक पहुंचाना उनकी प्रमुख प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि लोगों को साफ-सुथरा, असरदार, प्रभावशाली, पारदर्शी और जवाबदेही वाला शासन मुहैया करवाने पर जोर दिया जायेगा। श्री विजॉय कुमार सिंह ने कहा कि इस नेक कार्य के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जायेगी। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि राज्य सरकार की स्कीमों का लाभ लोगों को मिलना यकीनी बनाया जाये।



विशेष मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य सरकार की दृढ़ वचनबद्धता के अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, औद्योगिक विकास और अन्य सम्बन्धित क्षेत्रों की तरफ और ज्यादा ध्यान दिया जायेगा। उन्होंने नागरिक केंद्रित सेवाओं का लाभ निर्धारित समय के अंदर लोगों तक पहुँचाने को यकीनी बनाने के लिए कहा। श्री विजॉय कुमार सिंह ने आगे कहा कि सिवल, पुलिस और अन्य विभागों के दरमियान बेहतर तालमेल भी यकीनी बनाया जाना चाहिए जो सरहदी राज्य के व्यापक हित में है। मुख्यमंत्री के विशेष मुख्य सचिव ने पद संभालने के लिए बधाई देने पहुँचे अधिकारियों को अपनी ड्यूटी और अधिक मेहनत और शिद्दत के साथ करने के लिए कहा जिससे लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

बताने योग्य है कि विशेष मुख्य सचिव जो भारतीय प्रशासनिक सेवा के सीनियर अधिकारी हैं, ने राज्य और केंद्र सरकारों में विभिन्न पदों पर जिम्मेदारी निभाई है। साल 1990 बैच के आई. ए. एस. अधिकारी भारत सरकार में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग में संयुक्त सचिव, वस्त्र मंत्रालय में विशेष सचिव, रक्षा मंत्रालय के पूर्व सैनिकों के कल्याण संबंधी विभाग में सचिव के पद पर काम किया है। उनको लोक सेवा के प्रति सक्रिय और जवाबदेही वाली पहुँच रखने वाले अधिकारी के तौर पर जाना जाता है।

## जालंधर में अर्जुन आवर्डी डीएसपी का शव मिलने से हड़कंप

**दर्पण न्यूज सर्विस**
जालंधर

पंजाब के जालंधर में सोमवार की सुबह बस्ती बावा खेल नहर के पास अर्जुन आवार्डी डीएसपी दलबीर सिंह का शव संदिग्धावस्था में मिला। दलबीर सिंह मूलरूप से कपूरथला के गांव खोजेवाल के रहने वाले थे और जालंधर स्थित पीएपी ट्रेनिंग सेंटर में तैनात थे। जानकारी के मुताबिक दलबीर सिंह नए साल पर पार्टी करने अपने तीन दोस्तों के साथ घर से निकले थे। देर रात को डीएसपी दलबीर सिंह को उनके दोस्तों ने बस स्टैंड के पास छोड़ दिया था। इसके बाद से वह लापता थे। पुलिस ने बस स्टैंड के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज अपने कब्जे में ली हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम को भेज दिया है। डीएसपी दलबीर सिंह का शव बल्टन पार्क वाली रोड पर मिला। पर्स से उनकी पहचान हुई। इसके बाद परिवार और पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने पर्स को फॉरेंसिक जांच को भेज दिया है।



डीसीपी संदीप शर्मा ने बताया कि प्राथमिक जांच में मामला हादसे का लग रहा है। रात के वक्त डीएसपी दलबीर सिंह पैदल कहीं जा रहे थे। इस दौरान उन्हें किसी वाहन ने टक्कर मार दी होगी। सिर पर चोट लगने की वजह से उनकी जान चली गई। वहीं पुलिस की टीमें अन्य एंगल से भी जांच कर रही हैं। बस स्टैंड से बस्ती बावा खेल तक के सभी सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। सीपी स्वपन शर्मा ने बताया कि डीएसपी दलबीर सिंह मानसिक रूप से भी बीमार चल रहे थे। उनकी रिवाल्वर गायब है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी इंतजार किया जा रहा है। जालंधर पुलिस हत्या के मामले से भी जांच कर रही है।

## ब्लैकस्पॉट 100 मीटर की दूरी पर हैः पंजाब पुलिस द्वारा दुर्घटना वाले ब्लैक स्पॉटस की सफलतापूर्वक मेप करने स्वरूप यात्रियों को सचेत करेगी मैपलज एप

**दर्पण न्यूज सर्विस**
चंडीगढ़

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के प्रमुख प्रोजैक्ट ह्लसड़क सुरक्षा फोर्सह्ल की शुरूआत से पहले पंजाब की सड़कों को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से एक और पहलकदमी करते हुये पंजाब पुलिस ने मैपमाईइंडिया के सहयोग से राज्य भर की 784 दुर्घटनाओं वाले ब्लैक स्पॉटों को नेविगेशन सिस्टम मैपलस एप के द्वारा मेप किया है।

डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने आज यहाँ यह जानकारी देते हुये बताया कि मैपलस एप का प्रयोग करने वाले नागरिक अब पंजाबी में वॉयस अलर्ट प्राप्त करेंगे जो यात्रियों को आगे आने वाले ब्लैक स्पॉट के बारे सचेत करेंगे, जिससे पंजाब सड़क सुरक्षा के हिस्से के तौर पर दुर्घटनाग्रस्त स्थानों की मैपिंग करने वाला पहला राज्य बन गया है।

मैपमाईइंडिया की मैपलस एप, जिसको विशेष तौर पर भारत के लिए 100 फीसद स्वदेशी एप के तौर पर तैयार किया गया है, वॉयस संदेश ब्लैकस्पॉट 100 मीटर की दूरी पर है देकर यात्रियों को सचेत करेगी, जिससे पंजाब दुर्घटनाओं के बारे जानकारी देने वाला एकमात्र राज्य बना है। एक्सीडेंट ब्लैक स्पॉट एक ऐसी जगह है जहाँ इतिहास में आम तौर पर सड़की यातायात हादसे घटते रहते हैं।




- पंजाब पुलिस मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निदेशों अनुसार पंजाब की सड़कों को सुरक्षित बनाने के लिए वचनबद्ध
- पंजाब नेविगेशन प्लेटफार्म पर सभी दुर्घटनाओं वाले स्थानों की मैपिंग करने वाला पहला राज्य बन गया हैः डीजीपी पंजाब गौरव यादव

अतिरिक्त डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस ( ए. डी. जी. पी. ) ट्रैफिक अमरदीप सिंह राय ने अपने विचार सांझा करते हुये इस बात पर जोर दिया कि यह ड्राइविंग सहायता पंजाब की सड़कों पर समूचे सुरक्षित ड्राइविंग अनुभव के लिए तैयार की गई है। उन्होंने विश्वास प्रकटाया कि पंजाबी में वॉयस अलर्ट को सक्रियता से लागू करना एक और ज्यादा चौकस ड्राइविंग कम्युनिटी बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के ब्लैक स्पॉटस की ऐसी व्यापक मैपिंग को लागू करने वाला देश का पहला राज्य बनने के लिए पंजाब गर्व महसूस करता है। इसके इलावा, इस नवीन सुरक्षा को उपयोगकताओं की जरूरतों के अनुसार बनाया गया है, जो क्षेत्रीय भाषाओं में वॉयस अलर्ट की पेशकश करती है।

पंजाब के ट्रैफिक सलाहकार डाः नवदीप असीजा ने कहा कि मैपमाईइंडिया के सहयोग से राज्य भर में ट्रैफिक प्रबंधन को सुचारू बनाने के साथ-साथ बिना किसी लागत के नागरिकों, यात्रियों और आम लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए हमारे यत्नों में से एक विशेष कदम है।

## संक्षिप्त-समाचार

### मुख्यमंत्री द्वारा साल 2024 का पंजाब सरकार का कैलेंडर और डायरी जारी




चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सोमवार सुबह अपने गृह में साल 2024 के लिए पंजाब सरकार की डायरी और कैलेंडर जारी किया। यह जानकारी देते हुये आज यहाँ मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि कैलेंडर और डायरी का नक्शा सूचना एवं लोक संपर्क विभाग द्वारा डिजाइन और तैयार किया गया है और कंट्रोलर प्रिंटिंग एंड स्टेशनरी पंजाब द्वारा छापा गया है। इस दौरान सूचना एवं लोक संपर्क मंत्री चेतन सिंह जौड़ेमाजरा ने बताया कि कई सालों बाद साल के पहले दिन डायरी और कैलेंडर जारी किया गया है। इस मौके पर मुख्य सचिव अनुराग वर्मा, मुख्यमंत्री के विशेष मुख्य सचिव विजॉय कुमार सिंह, सचिव सूचना एवं लोक संपर्क मालविन्दर सिंह जग्गी, सूचना एवं लोक संपर्क विभाग के डायरैक्टर भुपिन्दर सिंह और अन्य उपस्थित थे।

### खुद की राइफल से गोली चली, बीएसएफ जवान के सीने में लगी, मौत से मच गया हड़कंप

ममदोट/फिरोजपुर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान की ड्यूटी के दौरान संदिग्धावस्था में गोली लगने से मौत हो गई। गोली उसके सीने में लगी है। थाना सदर पुलिस ने मामला दर्जकर जवान का मोबाइल जांच के लिए लैब भेज दिया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के मुताबिक बीएसएफ जवान मांगी लाल निवासी झुंझुनू (राजस्थान) जेसीपी बैरियर हुसैनीवाला में तैनात था। जवान सुबह चार बजे उठकर तैयार हो गया। नाश्ता करने के बाद ड्यूटी पर चला गया। नाके पर बने रूम में खुद की राइफल से गोली चली, जो उसके सीने में लगी। जवान की मौके पर ही मौत हो गई। जवान ने खुद को गोली मारी या राइफल से अचानक गोली चली... इसकी जांच की जा रही है। गोली सीधी सीने में लगी है। गोली की आवाज सुनते ही अन्य जवानों में भगदड़ मच गई। पुलिस के मुताबिक जवान के मोबाइल की जांच करने को लैब भेजा गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शहीद ऊधम सिंह की प्रतिमा का अनादर करने का एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा फरार

अबोहर। पंजाब के अबोहर क्षेत्र में 24 घंटे के अंदर ही शहीद ऊधम सिंह की प्रतिमा को खंडित करने वाले आरोपियों की पहचान कर एक आरोपी को पुलिस ने काबू कर लिया है। पुलिस ने प्रतिमा का तोड़ा गया हाथ व इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। एसएसपी मनजीत सिंह ढेसी ने रविवार को अबोहर में इस बात का खुलासा किया। एसएसपी मनजीत सिंह ढेसी ने बताया कि आसपास कोई सीसीटीवी कैमरा न होने के कारण इस ब्लाइंड केस को ट्रेस करना पुलिस के लिए भी एक बड़ी चुनौती थी क्योंकि एक शहीद की प्रतिमा के साथ इस कदर की घटना होना काफी निंदनीय थी। उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद लोगों में भी रोष था। एसएसपी ने बताया कि आरोपी की पहचान दविंदर व जैजी निवासी पंज पीर अबोहर के रूप में हुई है। जिसमें से दविंदर को काबू कर लिया है जबकि जैजी अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद से ही पंजाब पुलिस की सीआईए स्टाफ, डीएसपी अवतार सिंह व स्पेशल सैल व नगर थाना प्रभारी सुनील कुमार की टीमें उसको ट्रेस करने में जुट गई थी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात को यह दोनों आरोपी दविंदर व जैजी किसी दोस्त के बर्थडे की पार्टी से वापिस जा रहे थे। उन्होंने शराब का सेवन किया हुआ था और यह दोनों युवक प्रतिमा के साथ सेल्फी लेने लगे व इस चक्र में एक युवक हाथ से प्रतिमा का हाथ लटक गया जिससे हाथ टूट गया व पिस्टल भी गिर गई व फिर दोनों हाथ व पिस्टल को उठाकर ले गए।

### बच्ची समेत पांच शव फंदे से लटके मिले, कर्ज से परेशान था परिवार

जालंधर। नववर्ष की पूर्व संध्या पर जालंधर के गांव डरौली खुर्द में सनसनीखेज घटना सामन आई है। कर्ज से परेशान होकर बच्ची समेत एक ही परिवार के पांच सदस्यों के शव फंदे से लटके मिले हैं। मृतकों की पहचान मनमोहन सिंह (55), उसकी पत्नी सर्बजीत कौर(55), दो बेटियां प्रभजोत उर्फ ज्योति (32), गुरप्रीत कौर उर्फ गोपी (31), ज्योति की बेटी अमन (3) के रूप में हुई है। आदमपुर के डीएसपी विजयकंवर के मुताबिक देर रात पुलिस को सूचना मिली कि गांव डरौली खुर्द में डाकखाना में कार्यरत मनमोहन सिंह व उसके परिवार ने आत्महत्या कर ली है। मृतक मनमोहन के दामाद सर्बजीत सिंह ने बताया कि वे बीते दिन से ससुराल में फोन कर रहे थे, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। रविवार देर शाम वह खुद डरौली खुर्द पहुंचे तो घर में पांचों के शव फंदे से लटक रहे थे। पुलिस के मुताबिक घटनास्थल से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। हालांकि किसी ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

CD दैनिक सिटी दर्पण
आईना सच का
न्वोन्मेषकः स्व. कृष्णा शर्मा
स्व. गीता शर्मा
संस्थापकः सतपॉल शर्मा

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक भुपेंद्र शर्मा द्वारा इंप्रेशन्ज प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड प्रेस, प्लॉट न. 22, ग्राउंड फ्लोर, फेस-2, इंडस्ट्रियल एरिया, पंचकूला-134113 (हरियाणा) पर मुद्रित एंव 801/1 सेक्टर-40ए, चंडीगढ़ से प्रकाशित

सभी विवादों का केंद्र न्यायालय चंडीगढ़ होगा।

स्थानीय कार्यालय
801/1, सेक्टर-40ए, चंडीगढ़।
संपर्कः 7888450261
Email: citydarpan1@gmail.com

उम्मीद

## नए वर्ष में पंजाब सरकार को केंद्र सरकार की ओर से कई परियोजनाओं के पूरा होने की उम्मीद

# पंजाब को 2024 में मिलेंगी कई सौगात, एक्सप्रेस-वे देगा विकास को रफ्तार, उद्योगों का होगा विस्तार

**दर्पण न्यूज सर्विस**
चंडीगढ़

बीता साल पंजाब के लिए कई उपलब्धियों वाला रहा, लेकिन बहुत सी योजनाएं जमीन पर नहीं उतर पाईं। नए साल पर पंजाब को कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्टों और योजनाओं के पूरे होने की उम्मीद है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट कटड़ा-अमृतसर-दिल्ली एक्सप्रेसवे का निर्माण है। इससे न सिर्फ दिल्ली तक पहुंचने में चार घंटे लगेंगे, बल्कि पंजाब के विकास को भी नई रफ्तार मिलेगी।



इसी तरह लुधियाना में टाटा स्टील का देश का दूसरा सबसे बड़ा प्लांट भी रोजगार के हजारों नए अवसर लेकर आएगा। पराली के प्रदूषण से जूझ रहे पंजाब को इस बार इससे भी निजात मिलने की उम्मीद है। सरकार पराली से बायो गैस बनाने के 43 प्लांट और पराली की गांठें तैयार करने की 19 इकाइयां लगाएगी। आम लोगों की बात करें तो महिलाओं को लोकसभा चुनाव से पहले 1000 रुपये की सौगात मिल सकती है।

दिल्ली-अमृतसर-कटड़ा एक्सप्रेसवे का काम जोरों पर चल रहा है। संभावना है कि 40 हजार करोड़ रुपये की लागत से तैयार होने वाला यह प्रोजेक्ट वर्ष 2024 दिसंबर माह तक पूरा हो जाएगा। करीब 670 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेसवे के जरिये दिल्ली से अमृतसर चार घंटे में और दिल्ली से कटरा 6 घंटे में पहुंचा जा सकेगा। इस प्रोजेक्ट पर चल रहे काम की गति वर्ष 2023 में उस समय धीमी हो गई जब इसके लिए अधिग्रहण की गई भूमि के मुआवजे के रेट को लेकर किसानों ने आंदोलन शुरू कर दिया। इससे वे के निर्माण का कार्य प्रभावित हुआ। यह हाईवे पंजाब के काफी हिस्से में से निकलना है।

इस हाईवे के बन जाने से दिल्ली से कटरा की दूरी भी कम हो जाएगी। दिल्ली से कटरा फिलहाल सड़क मार्ग से 727 किलोमीटर दूर है लेकिन इसका निर्माण पूरा हो जाने के बाद यह दूरी 58 किलोमीटर तक घट जाएगी। इससे न केवल दिल्ली अमृतसर कटरा जाने वालों को फायदा होगा बल्कि रास्ते में पड़ने वाले और इलाकों के लोगों को भी लाभ होगा। अभी सड़क के रास्ते वैष्णो देवी तक पहुंचना काफी मुश्किल है। नए रास्ते पर एक पुल बन रहा है जो वैष्णो देवी तक के रास्ते को बहुत आसान कर देगा। इस रास्ते पर एशिया का सबसे लंबा पुल बनाया जा रहा है जिसकी लंबाई 1300 मीटर है। यह पुल केबल आधारित है जो अपने आप में अनूठा है। वैष्णो देवी जाने वालों को इस रास्ते के पूरा हो जाने से बहुत मदद मिलेगी।

जिन इलाकों से ये रास्ता निकलेगा उन्हें भी काफी फायदा होगा। व्यापार के हिसाब से इन इलाकों को बूम मिल सकता है। यह एक्सप्रेसवे हरियाणा में 137 किलोमीटर, पंजाब में 399 किलोमीटर और जम्मू-कश्मीर में 135 किलोमीटर लंबा होगा। हरियाणा में यह झज्जर, रोहतक, सोनीपत, जींद, करनाल और कैथल से होकर निकलेगा। पंजाब में पटियाला, संगरूर, लुधियाना, जालंधर, अमृतसर और गुरदासपुर इसके रास्ते में आएंगे। इस एक्सप्रेसवे का निर्माण 18 पैकेज में किया जा रहा है। इसके अलावा कनेक्टिंग सड़कें भी बनाई जा रही हैं, यह काम 2 फेज में पूरा किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के लिए केंद्र सरकार के आदेश हैं कि इसे जल्दी पूरा किया जाए। हाल ही में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इसके निर्माण कार्य का जायजा लेने के लिए हवाई दौरा किया था। -संवाद

पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल के प्रधान प्यारे लाल सेठ एवं महासचिव समीर जैन का कहना है कि उद्योगपतियों के लिए नए साल का तोहफा यही होगा कि केंद्र सरकार बॉर्डर जिले के व्यापार की बदतर स्थिति को ध्यान में रखते हुए जम्मू-कश्मीर एवं हिमाचल प्रदेश की तर्ज पर पंजाब के उद्योग को पटरी पर वापस लाने के लिए अविलंब विशेष पैकेज देने की घोषणा करे। इसकी उन्हें पूरी उम्मीद है। उन्होंने कहा कि सरकार ने कई बार एलान किया है कि बॉर्डर बेल्ट में लघु इंडस्ट्री को विकसित किया जाएगा, परंतु अभी तक इस पर कोई काम नहीं हुआ। अगला साल चुनावी वर्ष है अमृतसर के व्यापारियों और किसानों को भी बड़ी उम्मीद है कि इस बार बॉर्डर एरिया के लिए सरकार इंडस्ट्री स्थापना के लिए कोई एलान अवश्य करेगी। वहीं, इंडस्ट्री को कम रेट पर बिजली सप्लाई भी मिलेगी।

लुधियाना में नए साल में गांव धनांसू में टाटा स्टील प्लांट से उम्मीदें बढ़ गई हैं। लुधियाना इंडस्ट्री का बड़ा हब है, लेकिन कुछ समय पहले कई औद्योगिक इकाइयों का यहां से पलायन हुआ। इसके बाद पंजाब सरकार ने बड़े घरानों से राज्य में निवेश कराने के प्रयास किए। टाटा स्टील जैसी बड़ी कंपनी के लुधियाना में टाटा स्टील प्लांट लगाने से सरकार की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

# अंत्योदय के सपने को साकार कर रही है विकसित भारत संकल्प यात्राः कृष्ण पाल गुर्जर

## गरीब परिवारों व जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ दिलाना मोदी के रथ की गारंटीः विधायक नरेंद्र गुप्ता

दर्पण न्यूज सर्विस
चंडीगढ़

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीबों के दर्द और पीड़ा को समझते और जानते हैं कि निदान कैसे होगा। आज लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर विश्वास रखते है।




केंद्रीय भारी उद्योग और ऊर्जा विभाग राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और विधायक नरेंद्र गुप्ता आज सेक्टर-15 के सामुदायिक भवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ का गर्मजोशी से स्वागत कर प्रधानमन्त्री और मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त कर उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे।

कृष्णपाल गुर्जर ने आज फरीदाबाद में यात्रा के दौरान सर्वप्रथम शहरवासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहाकि विकसित भारत संकल्प यात्रा की यह गारंटी वाली गाड़ी आगामी 25 जनवरी तक देश के हर शहर, गांव, कस्बे और बस्तियों में जाएगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मूल उद्देश्य आमजन के लिए बनाई गई जनकल्याणकारी योजनों का शत प्रतिशत लाभ पात्र व्यक्ति को मिले।

विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहाकि इस यात्रा के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाओं को जनता के समक्ष रखा जा रहा है। एलईडी वैन में सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है तथा यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टॉल लगाकर नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने इस मौके पर सभी को भारत देश को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने की शपथ दिलवाई।

## हम सबको मिलकर देश को विकसित राष्ट्र बनाना हैः ओम प्रकाश यादव

चंडीगढ़। विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा आज महेंद्रगढ़ खंड के गांव दुलोठ अहीर व निम्बी, अटेली खंड के राता खुर्द व राता कलां, नारनौल खंड के भूषण खुर्द व शोभापुर तथा नांगल चौधरी खंड के अमरपुरा व बुढ़वाल गांव में पहुंची। ग्रामीणों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री ओम प्रकाश यादव ने आज नारनौल के गांव भूषण खुर्द व शोभापुर में विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के दौरान मुख्य अतिथि शिरकत की। ओम प्रकाश यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अगले 25 वर्षों के दौरान हम सबको मिलकर इस देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा करना है। इसी उद्देश्य से सरकार हर गांव व हर व्यक्ति तक पहुंच कर आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने अपने लगभग साढ़े 9 साल के कार्यकाल में समाज के अंतिम व्यक्ति को सरकारी सेवाएं प्रदान करने की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए समाज की मुख्यधारा से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की अंत्योदय की भावना से क्रियान्वित योजनाओं की सराहना करते हुए आमजन को सरकारी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर नागरिकों को विकसित भारत की शपथ भी दिलाई गई।

# देश को विकसित बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़े युवा पीढ़ीः कंवरपाल



दर्पण न्यूज सर्विस
चंडीगढ़

हरियाणा के स्कूल शिक्षा, वन एवं पर्यावरण मंत्री कंवरपाल ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी अमृत काल की पीढ़ी है। युवा पीढ़ी देश को विकसित बनाने का संकल्प लेते हुए अपना योगदान दे। कंवरपाल आज जगाधरी क्षेत्र के गांव सहजादवाला, सिपियांवाला, चुहड़पुर मंगल सिंह, टीब्बी अराईयां व तुगलपुर में आयोजित विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने युवा पीढ़ी का आहवान किया कि वे विकसित भारत का सपना देखते हुए संकल्प लें और उसे सिद्धि में बदलने की दिशा में कार्य करें। केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही आयुष्मान भारत योजना, स्टार्टअप इंडिया, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला सहित अन्य योजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आज घरों तक गैस कब पहुंचती है किसी को पता नहीं चलता है। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनहितैषी नीतियों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की व्यवस्था परिवर्तन का परिणाम है कि सरकारी अधिकारी गांव-गांव जाकर पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। कंवरपाल ने कहा कि विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक साथ मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेते हुए शपथ ली कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। इस कार्यक्रम में केंद्र व हरियाणा सरकार की उपलब्धियों पर आधारित शॉर्ट फिल्म का भी प्रसारण किया गया।

## उपली और नलवी कलां पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

- बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रही है सरकार- विधायक हरविंद्र कल्याण
- बड़ी संख्या में लोग शामिल हो रहे हैं

दर्पण न्यूज सर्विस
चंडीगढ़

विकसित भारत संकल्प यात्रा आज जिला करनाल के गांव उपली और नलवी कलां पहुंची। इस मौके पर मुख्य अतिथि घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि सरकार बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रही है ताकि देश प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़े। विधायक ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया और हरियाणा के विकास पर बनी लघु फिल्म दिखाई गई। गायक कलाकारों द्वारा विकासात्मक गीत प्रस्तुत किए गए।

इस अवसर पर कल्याण ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र में सुख शांति और सबके लिए मंगल कामना की। कल्याण ने कहा कि सरकार न केवल राष्ट्र को तेजी से विकास पथ पर आगे बढ़ा रही है बल्कि खोई हुई प्राचीन संस्कृति को बचाने के लिए भी अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वप्न है कि 2047 तक देश में कोई गरीब न रहे। इस सपने को साकार करने के लिए हर व्यक्ति का फर्ज है कि वह कर्तव्य का ईमानदारी से निर्वहन करे। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों की बेटियों के लिए सरकार ने कॉलेजों में भी मुक्त शिक्षा की घोषणा की है। उन्होंने दयाल योजना के बारे में भी ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दी। विधायक ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को नशे से बचाएं।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में लाभार्थी को मिला उज्जवला योजना का लाभ



जिला कैथल के गांव सजूमा में विधायक श्री लीला राम विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के तहत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में लाभार्थी को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी गैस कनेक्शन देते हुए।

# संकल्प यात्रा में हो रहा है लोगों की समस्याओं का तुरंत समाधान

दर्पण न्यूज सर्विस
चंडीगढ़

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का गरीब लोगों को खास फायदा मिल रहा है। गांव के जो लोग अपने कार्यों के लिए शहर स्थित कार्यालयों में नहीं जा पा रहे थे, अब इस यात्रा के माध्यम से उनके काम गांव, मौहल्ले में ही हो रहे हैं। हरियाणा में यात्रा को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। यात्रा में प्रतिदिन लोगों का सरकार के प्रति विश्वास बढ़ रहा है, इसलिए हर रोज इस यात्रा में लोगों की भागीदारी बढ़ती जा रही है।



जिला कैथल के गांव कुशल माजरा में विधायक श्री ईश्वर सिंह विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के तहत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण कर विभागों की कार्यप्रणाली की जानकारी लेते हुए।

एक सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह विकसित भारत संकल्प यात्रा अब तक राज्य के 3911 ग्राम पंचायत/वार्ड में पहुँच चुकी है। इसके अलावा, निरोगी हरियाणा योजना के तहत 3,24,607 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जा चुकी है। आयुष्मान चिरायु योजना के तहत आवेदन 94,396 लोगों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। यात्रा के दौरान लगाए जा रहे सेवा कैंप में 1,04,143 लोगों की काउंसलिंग की गई है और परिवार पहचान पत्र बनवाने के लिए 1,30,956 आवेदन किये गए है। किसानों द्वारा मेरी फसल मेरा ब्यौरा योजना के तहत 37,088 आवेदन भरे गए।

इसी प्रकार, विकसित भारत संकल्प यात्रा में अब तक 25,306 स्वामित्व कार्ड वितरित किए जा चुके हैं और 12,194 स्वामित्व रजिस्ट्रियां वितरित की गई हैं। यात्रा में 12,194 लोगों को लोन और एडवांस वितरित किए गए तथा सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण विभाग द्वारा 7,256 लोगों को उनके द्वारा मांगी गई जानकारियां दी गई। उन्होंने आगे बताया कि यात्रा के दौरान 23,420 अन्य शिकायतें मिली हैं जिनका जल्द ही विभागों द्वारा समाधान किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार का ध्येय सरकारी योजनाओं को गरीब के घर तक पहुंचाना है। अनेक योजनाओं को इस यात्रा के माध्यम से जनता के समक्ष रखा जा रहा है।

एलईडी वैन में सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है तथा यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टॉल लगाकर नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है और मौके पर उपस्थित लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

सहूलियत

ग्रामीणों को लाभांवित कर रही है यात्रा

# सरकार द्वारा पात्र परिवारों के घर बैठे बनाए जा रहे हैं बीपीएल कार्ड व पेंशनः दुड़ाराम



जिला कैथल के गांव कुशल माजरा में विधायक श्री ईश्वर सिंह विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के तहत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण कर विभागों की कार्यप्रणाली की जानकारी लेते हुए।

दर्पण न्यूज सर्विस
चंडीगढ़

- ग्रामीण कर रहे हैं यात्रा का जोरदार स्वागत

विकसित भारत संकल्प यात्रा सरकार की प्रमुख योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है, ताकि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंच सके। देश व प्रदेश के वंचित लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार द्वारा सराहनीय कदम उठाए जा रहे हैं। फतेहाबाद के गांव ठुईयां के विधायक दुड़ाराम आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लोगों को संबोधित कर थे।

उन्होंने कहा कि फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में ग्रामीणों को शहरों जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए सरकार द्वारा करोड़ों रुपये की ग्रांट मंजूर की गई है। हर गांव में विकास कार्य गुणवत्ता पूर्वक संपन्न करवाए जा रहे हैं। इसके अलावा अनेक विकास कार्य प्रगति पर है जो निर्धारित अवधि में पूर्ण कर ली जाएंगे। हलका में सडकों की मरम्मत, सौंदर्यीकरण पर करोड़ों रुपये की राशि खर्च की जा रही है।

दुड़ाराम ने कहा कि ग्रामीणों को बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेलकूद सहित अन्य योजनाओं व सेवाओं का लाभ दिया जा रहा है। बरसात व गंदे पानी की निकासी के लिए उचित प्रबंध किए जा रहे हैं।

यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी स्टालों का अवलोकन करते हुए विधायक दुड़ाराम ने लाभार्थियों से सरकार की योजनाओं के बारे में प्रतिक्रिया ली। उन्होंने कहा कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का विकास कर उसे समाज की मुख्यधारा में शामिल करना केंद्र व प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थियों को हमारा संकल्प-विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कार्यक्रम में योजना के लाभार्थियों को सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी व विभिन्न प्रकार की सेवाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित भी किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से पेंशन बनाने के कार्य को शुरू करके पेंशनधारकों को कार्यालयों के चक्कर लगाने के झंझट से मुक्ति दिलाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रत्येक गांव में पहुंचकर सरकारी योजनाओं व सेवाओं बारे ग्रामीणों को जागरूक करने के साथ-साथ लाभान्वित भी कर रही है।

## संक्षिप्त-समाचार

### 18 आईएएस अधिकारियों के स्थानान्तरण एवं नियुक्ति आदेश

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने 18 आईएएस अधिकारियों के स्थानान्तरण एवं नियुक्ति की आदेश जारी किए है। डी सुरेश को मानव संसाधन विभाग का प्रधान सचिव लगाया गया है। विजय सिंह दहिया को आयुक्त करनाल डिवीजन लगाया गया है। अमित कुमार अग्रवाल को मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव, प्रोजेक्ट डायरेक्टर मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी कार्यक्रम और एमडी हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लगाया गया है। श्रीमती आशिमा बराड़ को मुख्यमंत्री की अतिरिक्त प्रधान सचिव तथा महानिदेशक एवं सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता कल्याण, अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग श्रेणियां और अंत्योदय (सेवा) विभाग लगाया गया है। सी जी रजनीकांथन को महानिदेशक उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, महानिदेशक एमएसएमई तथा नागरिक उड्डयन विभाग का सलाहाकार लगाया गया है। पी सी मीणा को महानिदेशक दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम लगाया गया है। ए श्रीनिवास, सीईओ फरीदाबाद मेट्रोपॉलिटन विकास अथारेटी तथा प्रबंध निदेशक हरको बैंक को उनके वर्तमान कार्यभार के अलावा सीईओ गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन विकास अथॉरिटी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। शेखर विद्यार्थी को महानिदेशक एवं सचिव पुरातत्व विभाग तथा महानिदेशक तथा सचिव राज्य परिवहन लगाया गया है। मनदीप सिंह बराड़ को महानिदेशक सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, महानिदेशक खनन एवं भूविज्ञान तथा मिशन निदेशक मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना का कार्यभार सौंपा गया है। डा. साकेत कुमार को प्रबंधक निदेशक उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम, तथा महानिदेशक मेडिकल एजुकेशन एवं रिसर्च विभाग का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। केएम पाण्डुरंग को एमडी वेयरहाउसिंग कारपोरेशन, सीईओ मेट्रोपोलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी पंचकूला तथा सीईओ मेट्रोपोलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी सोनीपत लगाया गया है। जयबीर सिंह आर्य को विशेष सचिव वित विभाग लगाया गया है। राजनारायण कौशिक को निदेशक कृषि विभाग लगाया गया है। जितेन्द्र कुमार-1 को निदेशक सेकेण्डरी एजुकेशन तथा विशेष सचिव स्कूल एजुकेशन के साथ साथ स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद लगाया गया है। आदित्य दहिया को उनके वर्तमान कार्यभार के अलावा विशेष सचिव स्वास्थ्य विभाग तथा मिशन निदेशक, नेशनल हेल्थ मिशन और सीईओ आयुष्मान भारत हरियाणा हेल्थ प्रोटेक्शन अथॉरिटी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। अमित खत्री को निदेशक तथा सचिव टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, निदेशक शहरी सम्पदा, निदेशक तथा विशेष सचिव पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग तथा सीईओ कौशल रोजगार निगम लगाया गया है। नरहरि सिंह बांगड़ को जिला नगर आयुक्त तथा आयुक्त नगर निगम गुरूग्राम लगाया गया है। सचिन गुप्ता जिला नगर आयुक्त पंचकूला को उनके वर्तमान कार्यभार के अलावा प्रशासक एचएसवीपी मुख्यालय का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

### हरियाणा के फरीदाबाद, गुरुग्राम व सोनीपत से अयोध्या के लिए शुरू होगी सीधी बस सेवा : मूलचंद शर्मा

चंडीगढ़। हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके बाद हरियाणा के फरीदाबाद, गुरुग्राम व सोनीपत से अयोध्या के लिए सीधी बस सेवा शुरू की जाएगी। यही नहीं अन्य जिलों से मांग आने पर वहां से भी भविष्य में अयोध्या के लिए सीधी बस सेवा शुरू होगी। मूलचंद शर्मा आज फरीदाबाद के बल्लभगढ़ में एक करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 32 गलियों के शिलान्यास करने उपरांत आमजन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग अयोध्या दर्शन के लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि लोगों की आस्था को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। मूल चंद शर्मा ने कहा कि लोगों की मांग को देखते हुए बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र की गलियों व सडकों का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर करवाया जा रहा है। इसके साथ ही बल्लभगढ़ के सिटी पार्क व राजा नाहर सिंह पार्क को स्ट्रीट लाइटों की सौगात भी दी। उन्होंने कहा कि 15 लाख रुपये की लागत से सिटी पार्क में 50 व राजा नाहर सिंह पार्क में 15 स्ट्रीट लाईटें लगाई जाएंगी।

### प्रदेश सरकार द्वारा पात्र व्यक्तियों को घर बैठे दी जा रही हैं बीपीएल, पेंशन जैसी योजनाओं का लाभः विधायक राजेश नागर

फरीदाबाद। हरियाणा के विधायक राजेश नागर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा सरकार की प्रमुख योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस यात्रा का लक्ष्य इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लाभार्थियों तक पहुँचाने का है। देश व प्रदेश के वंचित लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार द्वारा सराहनीय कदम उठाए जा रहे हैं। विधायक नागर आज सोमवार को जिला फरीदाबाद के भुआपुर गाँव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लोगों को संबोधित कर थे। विधायक राजेश नागर ने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी स्टॉल्स का अवलोकन करते हुए लाभार्थियों से सरकार की योजनाओं के बारे में प्रतिक्रिया ली। उन्होंने कहा कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का विकास कर उसे समाज की मुख्यधारा में शामिल करना केंद्र व प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थियों को हमारा संकल्प - विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि सरकार ने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से पेंशन बनाने के कार्य को शुरू करके पेंशनधारकों को कार्यालयों के चक्कर लगाने से मुक्ति दिलाने का कार्य किया है।

### भूना खंड के गांव नहला एवं सिंथला पहुंची विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा

चंडीगढ़। विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा सोमवार को जिला फतेहाबाद के गांव नहला एवं सिंथला पहुंची। कार्यक्रम में विधायक दुड़ाराम मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। विधायक दुड़ाराम ने जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य है कि प्रदेश के हर एक व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कार्यालयों में नहीं जा सकने के कारण सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। इसलिए सरकार अब घर द्वार पर ही लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ दे रही है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं हैं जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा जा रहा है। पात्र व्यक्ति विभिन्न विभाग योजनाओं के लिए पंजीकरण भी करवा रहे हैं। दुड़ाराम ने कहा कि यह यात्रा प्रदेश के लाखों पात्र नागरिकों को योजनाओं के साथ जोड़ने का कार्य करेगी। हरियाणा सरकार ने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ देने का कार्य किया है। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान विधायक ने प्रदर्शनी स्टॉल्स का निरीक्षण कर अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम में विधायक ने प्रगतिशील किसानों, पशुपालकों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, विद्यार्थियों तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की अनेक योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलाई।

### आम जनता को अब अपने कार्य करवाने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़तेः धर्मपाल गोंदर

चंडीगढ़। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' आज हरियाणा के करनाल जिले के गांव लाठरों एवं बरसालू पहुंची। विधायक धर्मपाल गोंदर और पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। ग्रामीणों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का जोरदार स्वागत किया। विधायक धर्मपाल गोंदर ने कहा कि विकसित भारत यात्रा लोगों तक सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम बना है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोग अपनी समस्याएं जन - प्रतिनिधियों के समक्ष रख पा रहे हैं तथा उनका अधिकारियों व कर्मचारियों के सहयोग से समाधान भी किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि पूर्व की सरकारों में आम जनता को अपने कार्य करवाने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते थे, लेकिन अब मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में घर बैठे की लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इस दौरान पात्र लोगों की पेंशन बनाई गई तथा महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन भी दिए गए। गोंदर ने लोगों का आान किया हम सभी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना होगा। केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों एवं योजनाओं को घर-घर पहुंचाकर पात्र व्यक्तियों को इन योजनाओं लाभ दिलवाना है।

संपादकीय

# उग्रवाद




अरबिंद राजखोवा के नेतृत्व वाले उल्फा के वार्ता समर्थक गुट ने हिंसा की राह छोड़ने, संगठन को भंग करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने पर सहमति व्यक्त की। असम बीते कई दशक से उल्फा की हिंसक गतिविधियों से त्रस्त रहा है, जिसमें अब तक दस हजार से ज्यादा लोगों को जान गंवानी पड़ी। यह एक जगजाहिर तथ्य है कि असम में अलगाववादी समूहों की गतिविधियों की वजह से पूर्वोत्तर के राज्यों में हालात कितने जटिल रहे हैं। इसे सुलझाने के लिए लंबे समय से कई स्तर पर कोशिशें चलती रही हैं, लेकिन शुक्रवार को इस दिशा में बड़ी कामयाबी मिली। दरअसल, असम में सक्रिय यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट यानी उल्फा के एक गुट के साथ केंद्र और असम सरकार के बीच दिल्ली में हुई बैठक में एक त्रिपक्षीय शांति समझौता हुआ। यह पहल इसलिए बेहद महत्त्वपूर्ण है कि पिछले चार दशक में पहली बार सशस्त्र उग्रवादी संगठन उल्फा के किसी समूह के साथ एक शांति समझौते के मसविदे पर हस्ताक्षर हुए हैं। इसके तहत अरबिंद राजखोवा के नेतृत्व वाले उल्फा के वार्ता समर्थक गुट ने हिंसा की राह छोड़ने, संगठन को भंग करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने पर सहमति व्यक्त की। गौरतलब है कि असम बीते कई दशक से उल्फा की हिंसक गतिविधियों से त्रस्त रहा है, जिसमें अब तक दस हजार से ज्यादा लोगों को जान गंवानी पड़ी। काफी जद्दोजहद के बाद अब आकार में आ सके इस त्रिपक्षीय समझौते से यह उम्मीद की जा रही है कि असम में दशकों पुराने उग्रवाद के दौर के अंत की राह खुल सकेगी। दरअसल, असम में उल्फा के अलगाववाद की मांग की जड़ में जिस तरह के सवाल थे, उसकी जड़ें राज्य के विकास और उसमें स्थानीय तबकों की भागीदारी के मुद्दे अहम रहे हैं। मगर इन मुद्दों की जटिलता इससे समझी जा सकती है कि 1979 में उल्फा का गठन ही ह्यसंप्रभु असमह्ण की मांग को लेकर किया गया था। तब से यह संगठन विध्वंसक गतिविधियों में शामिल रहा। यों उल्फा का जो गुट ताजा समझौते में शामिल हुआ है, उसने 2011 से ही हथियार नहीं उठाए हैं और पहले ही हिंसा छोड़ दी थी। जाहिर है, इस दौरान इस समूह को उग्रवाद और हिंसा के जरिए किसी समाधान या अपने मकसद तक पहुंचने की कोशिशों के बेमानी होने की वास्तविकता का आभास हुआ। वहीं सरकार के स्तर पर इस जटिल समस्या के हल की राह निकालने के क्रम में असम के विकास को लेकर अनेक कदम उठाए गए, मगर राज्य में अलग-अलग खेमों में काम कर रहे उग्रवादी गुटों के बीच असंतोष बना रहा। अब ताजा समझौते में इसी मुद्दे को केंद्र में रखते हुए केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा है कि असम को एक बड़ा विकास पैकेज दिया जाएगा और मसविदे के प्रत्येक खंड को पूरी तरह लागू किया जाएगा। असम में अलगाववादी गतिविधियों को खुराक राज्य की सांस्कृतिक पहचान और संसाधनों पर उनके हक के सवाल से मिल रही थी। दूसरी ओर, तथ्य यह भी है कि उल्फा के विद्रोह और उग्रवादी गतिविधियों की वजह से राज्य में विकास कार्य बाधित हुए थे। केंद्र सरकार के साथ समझौते में इससे संबंधित मुख्य बिंदुओं को भी संबोधित किया गया है। मसलन, राज्य के लोगों की सांस्कृतिक विरासत बरकरार रहेगी और लोगों के लिए बेहतर रोजगार के साधन मुहैया कराए जाएंगे। इसके अलावा, सशस्त्र आंदोलन की राह छोड़ने वाले उल्फा के सदस्यों को मुख्यधारा में लाने का भारत सरकार हर संभव प्रयास करेगी। हालांकि यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि असम में परेश बरुआ के नेतृत्व वाला उल्फा का एक अन्य कट्टरपंथी समूह इस समझौते का हिस्सा नहीं है और उसने इस समझौते में शामिल होने से इनकार कर दिया। इसके बावजूद, यह एक अहम पक्ष है कि उल्फा के ही एक प्रभावशाली रहे समूह के साथ समझौते के बाद अगर शांति की स्थिति बनती है तो विकास की राह आसान होगी। स्थिरता और विश्वास में निरंतरता से लोगों में उम्मीद पैदा होगी और यही संभवतः शांति की चाबी भी साबित हो।

## आज का राशिफल

**मेषः** आज किसी नकारात्मक बात से आपका मन दुखी हो सकता है। आपकी उदारता का लोग गलत लाभ उठा सकते हैं। प्रेम सम्बन्धों को लेकर परेशानी दूर होगी। शत्रु आपसे दूरियाँ बनाकर रखेंगे। आज किसी सेमिनार आदि में सम्मिलित हो सकते हैं। परिवार की जिम्मेदारियों को निष्ठापूर्वक निभायेंगे।

**वृषभः** आपकी कार्यकुशलता में कुछ कमी आ सकती है। ऊँचाई वाले स्थानों पर जाने से बचें। मन में कुछ घबराहट की भावना हो सकती है। अपने करियर को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। प्रेम सम्बन्धों को लेकर धोखा खा सकते हैं।

**मिथुनः** आज आप जो भी योजना बनायेंगे वो सफल होगी। व्यवसाय में आपकी अपेक्षा के अनुरूप परिणाम मिलेंगे। सभी कार्य निर्विघ्न रूप से पूर्ण होंगे। छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है। पड़ोसियों के साथ आपके सम्बन्ध मधुर होंगे।

**कर्कः** अपनी दिनचर्या को सन्तुलित रखें। दूसरों के मामलों में अपनी राय न दें। वाणी पर संयम रखें। काम के दबाव के कारण लापरवाही हो सकती है। महिलाओं को स्वास्थ्य समस्या होने की सम्भावना है। वैवाहिक जीवन को पर्याप्त समय अवश्य दें।

**सिंहः** अपने व्यवहार में पारदर्शिता बनाये रखें। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन जबर्दस्त रहेगा। आज आप आराम के मूड में रहेंगे। व्यापार में साझेदारी करना लाभकारी होगी। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। जीवनसाथी की सलाह आपको काफी लाभ देगी।

**कन्याः** घर में किसी कारणवश कलह हो सकती है। अति शीघ्रता में काम बिगड़ने के आसार बन रहे हैं। नयी परियोजनाओं में निवेश न करें। घुटनों में दर्द से पीड़ित लोगों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिये। पुराने किये गये खर्चे आपके बजट को बिगाड़ सकता है।

**तुलाः** घर में आपका सम्मान और वर्चस्व बढ़ेगा। उच्च शिक्षा में अच्छे परिणाम मिलेंगे। अध्यात्मिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आनन्द लेंगे। व्यापार में उन्नति के अवसर मिलेंगे। बच्चों के साथ चर्चा कर सकते हैं। परिवार के साथ मनोरञ्जक फिल्मों और गपशप का आनन्द उठायेंगे।


**वृश्चिकः** आज आप गृहकार्यों में काफी व्यस्त रहेंगे। गृहस्थ जीवन में आपसी सामन्जस्य बढ़ेगा। आप भावनात्मक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। व्यापारी वर्ग अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर ज्यादा निर्भर न रहें। अन्य दिनों की तुलना में आज आप अपने काम को लेकर काफी ऊर्जावान और गतिशील रहेंगे।

**धनुः** रचनात्मक कार्यों में आपकी अभिरुचि बढ़ेगी। धार्मिक स्थल पर समय बिताना पसन्द करेंगे। उधार दिया हुआ धन वापस मिलने की सम्भावना बन रही है। भावुक होकर कोई बड़ा निर्णय न लें। विद्यार्थी नये कोर्स को जॉइन करने का प्लान बना सकते हैं।

**मकरः** धन प्राप्ति के मार्ग में बाधा आयेगी। दाम्पत्य जीवन में परेशानियाँ खड़ी हो सकती है। परिवार के सदस्यों के बीच सामन्जस्य कम रहेगा। अहङ्कार की भावना का त्याग करें। आज छोटी-छोटी बातों को गम्भीरता से न लें। वरना लोग आपसे नाराज हो सकते हैं।

**कुंभः** नयी योजनाओं के लिये समय बहुत शुभ है। घर की साज-सज्जा के लिये आप मूल्यवान वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। घर में रिश्तेदारों का आगमन होगा। बच्चों की समस्याओं को सुलझाने में सफल रहेंगे। प्रेम विवाह के लिये परिवार की अनुमति मिल सकती है।

**मीनः** आप सभी कार्यों को बारीकी से करें। भविष्य के लक्ष्यों को लेकर योजना बना सकते हैं। व्यापार में आपको कुछ सुधार करना पड़ेगा। मन की उलझनें दूर होंगी। रुके हुये कार्यों को निपटाने के लिये दिन उत्तम है। गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध दुष्प्रचार कर सकते हैं।



# अक्षरधाम मंदिर न्यू जर्सी:

# सेवा-भाव से रचा सर्वोत्तम शिल्प

मनोवैज्ञानिक रूप से, मनुष्य को पत्थर में भगवान को देखने और भगवान के लिए पत्थर के राजसी निवास बनाने के लिए क्या प्रेरित करता है? यदि संगमरमर के पत्थर बोल सकते, तो वे मानव मन की गहराई से मानव मस्तिष्क की कुछ उच्चतम आकांक्षाओं को गाएंगे। क्या अब्राहम मास्लो (1968) के मन में यही बात थी जब उन्होंने हमारी सर्वोपरि मानवीय आवश्यकता के रूप में पारगमन या आत्मबोध की खोज के बारे में बात की थी?

प्राचीन काल से, सभ्यताओं ने अपने मौलिक दैवीय आवेग का उत्सव मनाने के लिए स्मारकों का निर्माण किया है- मिस्र के पिरामिड, यहूदी मंदिर, फ्रांसीसी कैथेड्रल, इस्लामी मस्जिदें - सभी स्वर्ग तक पहुंचने, देवताओं के हाथों को छूने की कोशिश करते लगते हैं। 18 अक्टूबर, 2023 को, रॉबिंसविले, न्यू जर्सी (प्रिंसटन के पास) की कभी एक दलदली जमीन रही जगह पर, बीएपीएस स्वामीनारायण अक्षरधाम, एक हिंदू पूजा स्थल, समान भव्यता और सेवा या निस्वार्थ सेवा के मनोविज्ञान के प्रति दीर्घकालिक प्रतिबद्धता के साथ खोला गया, जहां साधक बदले में कुछ भी अपेक्षा किए बिना खुद को समर्पित कर देता है।

जैसा कि योगी त्रिवेदी ने मुझे बताया, वह अक्षरधाम महामंदिर की 189 फीट ऊंची महा शिखर या केंद्रीय मीनार के बारे में मनन करते हुए सोच रहे थे। धर्म के विद्वान और कोलंबिया विश्वविद्यालय में पढ़ाने वाले पत्रकार के रूप में, उन्होंने अपना जीवन स्वामीनारायण आंदोलन के मिशन और उनके हिंदू मंदिरों के बारे में चिंतन के लिए समर्पित कर दिया है। योगी त्रिवेदी ने लिखा है, ह्यप्रत्येक पत्थर के पास साझा करने के लिए एक गीत है - निस्वार्थ सेवा, सद्भाव और भक्ति की कहानियां। मैंने पत्थरों को भगवान स्वामीनारायण और अन्य हिंदू देवताओं को पुकारते हुए सुना, जिन्हें यह मंदिर समर्पित है। मैंने पत्थरों को दुनिया भर के स्वयंसेवकों और साधुओं के विविध समूहों को बुलाते हुए सुना, जिन्होंने अपनी शिक्षा, करियर और पारिवारिक मामलों को ताक पर रखते हुए इसे पूरा करने में मदद कीह्ण (योगी त्रिवेदी, 2023)।

एक वैदिक दृष्टांत है, जिसमें एक लड़का ज्ञान प्राप्त करने के लिए अपने गुरु के पास जाता है, कैसे गुरु उस लड़के को चराने के लिए 400 गायें देते हैं, और साथ ही निर्देश देते हैं कि जब 1,000 गायें हो जाएं तो वह वापस आ जाए। तुम्हें आत्मज्ञान मिलेगा, गुरु उससे कहते हैं। सीखने वाली बात यह है कि उसे निस्वार्थ भाव से सेवा करनी चाहिए, बिना यह जाने कि इसमें उसके लिए क्या है। वह जीवन के अर्थ और आत्म-उत्थान के बारे में कुछ सीखेगा। ऐसी ही कहानी है अक्षरधाम मंदिर की, लोग पुरस्कार की आशा के बिना सेवा करते हैं। वे इसे आगे बढ़ाने के लिए बड़े समुदाय को दे देते हैं।

डैनियल गोलेमैन (2005) जैसे मनोवैज्ञानिक भावनात्मक बुद्धिमत्ता की पहचान के रूप में सहानुभूति, खुद को दूसरे के स्थान पर रखने की क्षमता और निस्वार्थ भाव से खुद को समर्पित करने में सक्षम होने के बारे में बात करते हैं। यह उच्च-क्रम की सामाजिक-भावनात्मक क्षमताओं में से एक है जो हमारी सामाजिक जागरूकता, एक आवश्यक नेतृत्व कौशल की ओर इंगित करती है। जॉन एफ ने कहा, 'यह न पूछें कि आपका देश आपके लिए क्या कर सकता है - यह पूछें कि आप अपने देश के लिए क्या कर सकते हैं।] कैनेडी, संयुक्त राज्य अमेरिका के पहले कैथोलिक राष्ट्रपति (राष्ट्रपति बाइडन धर्मनिष्ठ कैथोलिक की उसी परंपरा को गर्व से जारी रख रहे हैं)। मंदिर की दीवारों पर अब्राहम लिंकन और मार्टिन लूथर किंग जूनियर की तस्वीरें उकेरी गई हैं, जो सबसे पुराने संवैधानिक लोकतंत्र में से एक के अमर बलिदानी हैं।

मनोविज्ञान और धर्म का जिस बिंदु पर मिलन होता है वहां हिंदू धर्म से परस्पर संबंधित धर्मों, जैसे सिख धर्म, जैन धर्म और बौद्ध धर्म में सेवा का भाव व्याप्त है। इसका अर्थ है पुरस्कार की अपेक्षा किए बिना ईश्वर या मानवता की सेवा करना। सेवा कर्म का उच्चतम रूप है , जिसे मोक्ष या मुक्ति प्राप्त करने के लिए किसी के धार्मिक कर्तव्य या धर्म के हिस्से के रूप में देखा जाता है। भगवद गीता में, कृष्ण अर्जुन से बिना किसी फल की इच्छा के अपना कर्तव्य या धर्म निभाने का आग्रह करते हैं।

आधुनिक संदर्भ में, कर्म योग कुछ हद तक स्वयंसेवा का पर्याय बन गया है। यह सेवा हिंदू योग प्रथाओं और विशेष रूप से स्वामीनारायण आंदोलन का सूक्ष्म आधार है। आज, योगाभ्यास के विभिन्न रूपों में अमेरिकियों के लिए इसकी एक बड़ी अपील है, कई अमेरिकी अब धार्मिक से अधिक आध्यात्मिक होने' के रूप में पहचान करते हैं, लगभग एक-तिहाई जिन्होंने सर्वेक्षण में भाग लिया (पीईडब्ल्यू, 2017)।

स्वामीनारायण आंदोलन की मनोवैज्ञानिक और ऐतिहासिक जड़ें 1700 के दशक के अंत और 1800 के दशक की शुरूआत से फैलनी शुरू हुईं, जब ब्रिटिश अपनी ईस्ट इंडिया कंपनी के साथ भारत पर नियंत्रण के लिए हिंदू सामंती सरदारों और मुगल राजाओं के साथ युद्ध कर रहे थे। स्वामीनारायण (3 अप्रैल, 1781-जून 1, 1830), जिन्हें सहजानंद स्वामी के नाम से भी जाना जाता है, एक योगी और तपस्वी, माना जाता है कि वे ईश्वर की अभिव्यक्ति थे जिनके आसपास स्वामीनारायण आंदोलन फला-फूला। 1800 में, स्वामीनारायण के गुरु ने उन्हें दीक्षा दी और उन्हें धार्मिक समुदाय का नेतृत्व दिया, जो दो शताब्दियों से अधिक समय से निरंतर मठवासी व्यवस्था रही है। आंशिक रूप से ब्रिटिश दावों के जवाब में कि हिंदू धर्म संसार को लेकर नकारात्मक था, स्वामीनारायण आंदोलन ने यौगिक तपस्या के अभ्यास के साथ-साथ सामाजिक दुनिया के साथ गहरे जुड़ाव के रूप में सेवा के महत्व पर जोर दिया।

यूरोपीय उपनिवेशवाद के मनोवैज्ञानिक रूप से अस्थिर करने वाले प्रभाव, हिंदू धर्म और इस्लाम के बीच समन्वय में कमी, शाक्त, जैन धर्म और तांत्रिक पंथ जैसे नए धार्मिक संप्रदायों के उदय ने मठों को बढ़ावा दिया, जिसने हिंदू प्रथाओं का और अधिक क्षरण होने से रोक दिया।

मध्ययुगीन या प्रारंभिक आधुनिक काल के अंत में भारत में उभरे सुधार आंदोलनों ने ब्रिटिश और मुगलों के साथ रणनीतिक संवाद किया और अलग-अलग स्तर पर सफलता हासिल की (हैचर, 2016)। वास्तव में, अहमदाबाद में पहला स्वामीनारायण मंदिर ब्रिटिश सरकार से अनुदान पर मिली भूमि पर बनाया गया था, और स्वामीनारायण ने स्वयं ईसाई, मुस्लिम, पारसी सहित अन्य सभी पंथों और सामाजिक समुदायों को गले लगाया, और यहां तक कि उन लोगों को भी, जिन पर अक्सर बाकी समाज का ध्यान नहीं जाता था, दलित। स्वामीनारायण ने अपने जीवनकाल के दौरान छह मंदिरों का निर्माण किया और गरीबों, महिलाओं और विभिन्न जाति समूहों के लिए सुधारों का नेतृत्व किया।

मनोवैज्ञानिक रूप से, स्वामीनारायण आंदोलन अग्रदूत था भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का, जिससे गांधी, नेहरू, टैगोर और श्री अरबिंदो जैसे दिग्गजों का उदय हुआ (शर्मा, 2014)। आज, यह आंदोलन हजारों हिंदू मंदिरों का एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क है, जो स्थानीय समुदायों के बीच समाज सेवा में सक्रिय रूप से शामिल है।

सविता और सोमा पटेल ने अपनी सेवानिवृत्ति के लिए हवाई में समुद्र तट पर एक संपत्ति खरीदी थी , लेकिन जब उन्होंने, न्यू जर्सी में नए हिंदू मंदिर के निर्माण के बारे में सुना, तो उन्होंने अपनी योजना बदलने का फैसला किया और सेंट्रल जर्सी आ गए जिससे कि मंदिर निर्माण में सहायता कर सकें।

लकड़ी और पत्थर की मूर्तियां बनाने में दक्ष मूर्तिकार सतीश जांगिड़ ने अपने गृह जिले राजस्थान से बाहर शायद ही कभी यात्रा की हो। लेकिन जब उन्हें उस कला में योगदान देने का अवसर मिला जिसे कभी लुप्त होती कला माना जाता था, तो उन्होंने चुनौती स्वीकार कर ली।

आप उन्हें स्वयंसेवकों और आगंतुकों को संगमरमर के खंभों और नक्काशीदार मूर्तियों पर उनके द्वारा किए गए काम के बारे में बताते हुए पा सकते हैं। वह कारीगर स्वयंसेवकों या विश्वकर्मा मूर्तिकारों में से एक हैं, जिनका नाम वास्तुकला के हिंदू देवता के नाम पर रखा गया है।

कोविड-19 अवधि के दौरान , निमार्णाधीन हिंदू मंदिर 40,000 मुफ्त टीके लगाने, 170,000 पीपीई दान करने और स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं और सामुदायिक संगठनों को लगभग एक मिलियन डॉलर का योगदान देने में सक्रिय भूमिका निभा रहा था। सेवा का प्रभाव केवल समुदाय पर ही नहीं, बल्कि सेवा करने वाले व्यक्तियों पर भी पड़ता है। मंदिर के निर्माण में मदद करने वाले कई युवा पुरुष और महिलाएं अपने अंदर और बाहर आए बदलावों व अनुभवों के बारे में बात करते हैं। जो आत्मविश्वास बढ़ाने, कौशल विकास और आध्यात्मिक चेतना जाग्रत करने में सहायक सिद्ध हुआ है।

पहचान के अलावा, भी कई गुना हैं और मानव जीवन चक्र के हर पहलू को छूती हैं- युवा पीढ़ी (ङ-12) की समाजीकरण की जरूरतें, परामर्श और वयस्क आबादी (25-65 वर्ष) की स्वास्थ्य देखभाल की जरूरतें, और बुजुर्गों (65-अधिक) को सामुदायिक सेवा में शामिल रखना स्वयंसेवा से प्राप्त लाभों में से कुछ हैं। विशेष रूप से, सेवा या निस्वार्थ दान से निम्नलिखित प्रभाव हो सकते हैं -

**मनोवैज्ञानिक कल्याण में वृद्धि**
**तनाव में कमी**
**मनोबल में सुधार**
**कम अलगाव या अकेलापन**
**आत्म-सम्मान में वृद्धि**
**अधिक समग्र खुशी**
**आंतरिक शांति और लचीलापन**

मंदिर को बनने में एक दशक से अधिक का समय लगा। कुछ श्रम विवादों के बावजूद, भारत के बाहर सबसे बड़ा हिंदू पूजा स्थल वास्तुशिल्प में मील का पत्थर है; 12,500 स्वयंसेवकों के योगदान के साथ, यह आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक क्षेत्रों में सेवा या निस्वार्थ सेवा के मूल्यों के लिए एक श्रद्धा सुमन है।

# मप्र में नये कानून के खिलाफ सड़कों पर चालकों की अराजकता, पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया

## मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग और अन्य आम रास्तों पर किया चक्काजाम

दर्पण न्यूज सर्विस
इंदौर

नये कानून में 'हिट एंड रन' के मामलों में सख्त सजा के प्रावधानों के खिलाफ उग्र विरोध करते हुए मध्यप्रदेश में चालकों ने मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग और अन्य आम रास्तों पर सोमवार को चक्काजाम किया। इससे कई वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा और आम जरूरत की चीजों के परिवहन पर असर पड़ा। 'ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस' की परिवहन समिति के अध्यक्ष सी.एल. मुकाती ने 'पीटीआई-' को बताया, 'हिट एंड रन के मामलों में सरकार द्वारा अचानक पेश कर दिए गए कड़े प्रावधानों को लेकर चालकों में आक्रोश है और उनकी मांग है कि इन प्रावधानों को वापस लिया जाए।' उन्होंने कहा कि सरकार को 'हिट एंड रन' के मामलों में विदेशों की तर्ज पर सख्त प्रावधान लाने

**❍ वीडियो में प्रदर्शन के दौरान चालकों ने पुलिस अधिकारी पर पिस्तौल निकालकर डराने का लगाया आरोप**

से पहले विदेशों की तरह बेहतर सड़क और परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने पर अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए। भारतीय दंड विधान की जगह लेने जा रही भारतीय न्याय संहिता में ऐसे चालकों के लिए 10 साल तक की सजा का प्रावधान है जो लापरवाही से गाड़ी चलाकर भीषण सड़क हादसे को अंजाम देने के बाद पुलिस या प्रशासन के किसी अफसर को दुर्घटना की सूचना दिए बगैर मौके से फरार हो जाते हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मुंबई को आगरा से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर धार और शाजापुर जिले में चालकों ने



चक्काजाम किया जिससे सैकड़ों वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इंदौर के विजय नगर चौराहे पर चक्काजाम की कोशिश के दौरान सवारियों को चार पहिया वाहनों से जबरन उतार रहे प्रदर्शनकारी चालकों को पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करके खदेड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इंदौर के ही एक अन्य वाकये में चालकों ने गंगवाल बस स्टैंड के पास चौराहे पर बस खड़ी करके चक्काजाम कर दिया और धरने पर बैठ गए जिससे राहगीरों को खासी परेशानी हुई। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) हेमंत चौहान ने बताया कि प्रदर्शनकारियों को कड़े शब्दों में चेतावनी देकर चक्काजाम खत्म कराया गया। उन्होंने बताया कि सड़क पर चक्काजाम करके यातायात बाधित करने वाले लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ उचित कानूनी कदम उठाए जा रहे हैं। विरोध प्रदर्शन में टैंकर चालकों के शामिल होने के कारण ईंधन के स्टॉक पर असर की आशंका से नव वर्ष के पहले दिन सूबे के पेट्रोल पम्पों पर भी लोगों की लंबी कतारें नजर आईं। इस बीच, सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में सड़क पर विरोध प्रदर्शन के दौरान चालक यह आरोप लगाकर हंगामा करते नजर आ रहे हैं कि एक पुलिस अधिकारी ने उन्हें डराने के लिए पिस्तौल निकाल ली। इंदौर के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) उमाकांत चौधरी के मुताबिक, यह घटना क्षिप्रा थाना क्षेत्र में रविवार को सामने आई, लेकिन उन्होंने प्रदर्शनकारी चालकों का आरोप खारिज किया। उन्होंने कहा, 'पुलिस अधिकारी अपनी पिस्तौल को चमड़े के खोल में महज रख ही रहा था। उसका इरादा प्रदर्शनकारियों को डराने का नहीं था।'

# साल 2024 का शानदार आगाज, वैज्ञानिकों का आभार: प्रधानमंत्री मोदी



दर्पण न्यूज सर्विस
नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पहले एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह के सफल प्रक्षेपण की सराहना करते हुए कहा कि इससे अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत का कौशल बढ़ेगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह का सोमवार को प्रक्षेपण किया जो ब्लैक होल जैसे आकाशीय पिंडों के रहस्यों का अध्ययन करेगा। इसरो के सबसे भरोसेमंद ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) ने अपने सी58 मिशन में मुख्य एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह (एक्सपोसैट) को पृथ्वी की 650 किलोमीटर निचली कक्षा में स्थापित किया। पीएसएलवी ने यहां पहले अंतरिक्ष तल से सुबह नौ बजकर 10 मिनट पर उड़ान भरी थी। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'साल 2024 की शानदार शुरूआत, हमारे वैज्ञानिकों का आभार! यह प्रक्षेपण अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए अद्भुत खबर है और इस क्षेत्र में भारत के कौशल को बढ़ाएगा। भारत को अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए इसरो में हमारे वैज्ञानिकों और पूरे अंतरिक्ष समुदाय को शुभकामनाएं।'

### प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को देशवासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं और कामना की कि यह वर्ष सभी के जीवन में समृद्धि लाए। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट कर कहा, 'सभी को 2024 की हार्दिक शुभकामनाएं! यह वर्ष सभी के लिए समृद्धि, शांति और बेहतर स्वास्थ्य लाए।' प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा था कि आज देश का कोना-कोना विकसित भारत तथा आत्मनिर्भरता की भावना के कारण आत्मविश्वास से सराबोर है। उन्होंने देशवासियों से अपील की कि इस भावना को 2024 में भी बनाए रखें।

## राज्यपाल का पुतला जलाने पर एसएफआई नेता समेत नौ के खिलाफ मामला दर्ज

दर्पण न्यूज सर्विस
कन्नूर (केरल)

केरल पुलिस ने रविवार शाम पय्याम्बलम समुद्र तट पर रविवार को 'पेट्रोल का इस्तेमाल करके' राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान का एक पुतला जलाने के 'खतरनाक कृत्य' के लिए स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) की राज्य इकाई के अध्यक्ष के. अनुश्री और आठ अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के छात्र संगठन एसएफआई नेताओं पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिसमें 143 (गैरकानूनी सभा), 147 (दंगा करना) और 285 (आग या ज्वलनशील पदार्थ के संबंध में लापरवाहीपूर्ण आचरण) शामिल हैं। एसएफआई ने नववर्ष की पूर्व संध्या पर राज्यपाल का 30 फुट ऊंचा पुतला



फूंका था और उन पर राज्य के शिक्षा क्षेत्र का 'सांप्रदायिकीकरण' करने का आरोप लगाया था। इसके बाद कन्नूर नगर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। एसएफआई ने कहा था कि कुलाधिपति के रूप में खान द्वारा राज्य के विश्वविद्यालय सीनेट में हिंदू दक्षिणपंथी कार्यकताओं के नामांकन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया था। कन्नूर विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में गोपीनाथ रवींद्रन की पुनर्नियुक्ति को रद्द करने संबंधी उच्चतम न्यायालय के हाल के आदेश का हवाला देते हुए खान ने दावा किया है कि उन पर हमला किया जा रहा है क्योंकि राज्य सरकार और एसएफआई का अब राज्य के विश्वविद्यालयों पर कोई नियंत्रण नहीं है।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की बिक्री 2023 में 45 प्रतिशत बढ़कर 2,33,346 इकाई पर

**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की 2023 में थोक बिक्री 46 प्रतिशत बढ़कर 2,33,346 इकाई हो गयी। इससे पिछले साल कंपनी ने 1,60,364 वाहन बेचे थे। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) की ओर से जारी बयान के अनुसार, 2022 में 1,60,364 इकाइयों की तुलना में 2023 में घरेलू बिक्री 2,21,356 इकाई रही। 2023 में निर्यात 11,984 इकाई रहा। टीकेएम के उपाध्यक्ष-बिक्री एवं रणनीतिक विपणन अतुल सूद ने कहा कि विभिन्न खंडों की बिक्री मिलाकर सालाना आधार पर कैलेंडर वर्ष 2023 में 46 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उन्होंने कहा, 'मासिक आधार पर लगातार बेहतर प्रदर्शन साथ ही सालाना आधार पर वृद्धि हमारे सभी खंड़ों में ग्राहकों की बढ़ती दिलचस्पी का संकेत है।' कंपनी के अनुसार, दिसंबर, 2023 में टीकेएम ने 119 प्रतिशत अधिक 22,867 इकाइयां बेचीं। दिसंबर 2022 में कंपनी ने 10,421 वाहन बेचे थे।

# प्रयागराज में हत्या का प्रयास करने के मामले में शुआट्स के कुलपति गिरफ्तार

दर्पण न्यूज सर्विस
प्रयागराज

सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रिकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज (शुआट्स) के कुलपति राजेंद्र बिहारी लाल को हत्या के प्रयास मामले में गिरफ्तारी के बाद जेल भेज दिया गया है। यमुनानगर में नैनी थाना के प्रभारी यशपाल सिंह ने बताया कि शुआट्स के कुलपति आरबी लाल को हत्या के प्रयास के मामले में रविवार शाम विश्वविद्यालय परिसर से गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया था जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि रविवार को ही दिवाकर नाथ त्रिपाठी ने आरबी लाल के खिलाफ नैनी थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या का प्रयास), 504 (उकसाने के लिए इरादतन अपमान करना) और 427 (बदमाशी करना) के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। पूर्व



भाजपा नेता दिवाकर नाथ त्रिपाठी का आरोप है कि रविवार की सुबह वह अपने मित्र शरवेन्द्र विक्रम सिंह के साथ टहलने अरैल बांध पर पहुंचे थे। त्रिपाठी ने कहा कि टहलकर वापस जाते समय एक फॉर्च्यूनर कार ने उनकी इन्नोवा कार को ओवरटेक कर उन्हें रोकने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि फार्च्यूनर कार में राजेंद्र बिहारी लाल और उनके दो सहयोगी बैठे थे। त्रिपाठी का आरोप है कि कार नहीं रोकने पर आरबी लाल के लोगों ने उन्हें जान से मारने की नीयत से गोली चला दी जो कार के शीशे को चीरते हुए ऊपर से निकल गई। त्रिपाठी ने आरबी लाल के खिलाफ पहले भी कई मुकदमे दर्ज कराए हैं। पुलिस के मुताबिक, आरबी लाल के खिलाफ धर्मांतरण और अन्य आरोपों को लेकर प्रयागराज, लखनऊ, हमीरपुर, फतेहपुर और प्रतापगढ़ जिलों में 26 मामले दर्ज हैं। पिछले महीने की शुरूआत में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने शुआट्स के कुलपति और अन्य अधिकारियों के खिलाफ दर्ज एक प्राथमिकी रद्द करने से इनकार कर दिया था। इस मामले में आरबी लाल और अन्य अधिकारियों पर नौकरी और अन्य सुविधाओं का लालच देकर एक महिला का धर्म परिवर्तन कराने का आरोप है।

## संक्षिप्त-समाचार

### भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 4,394 हुई

**नई दिल्ली।** भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के 636 नए मामले सामने आए हैं, जबकि संक्रमण के उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 4,394 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे के अद्यतन आंकडों के अनुसार, पिछले 24 घंटे की अवधि में केरल में दो और तमिलनाडु में एक मरीज की संक्रमण से मौत हो गई। पिछले साल पांच दिसंबर तक दैनिक मामलों की संख्या घटकर दोहरे अंक तक पहुंच गई थी, लेकिन ठंड और वायरस के नये स्वरूप के कारण मामलों में तेजी आई है। महामारी के चरम पर प्रतिदिन लाखों मामले सामने आ रहे थे। वर्ष 2020 की शुरूआत से अब तक लगभग चार वर्ष में देशभर में कोरोना वायरस से करीब साढ़े चार करोड़ से अधिक लोग संक्रमित हुए तथा 5.3 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, अब तक संक्रमण से उबरने वाले लोगों की संख्या 4.4 करोड़ से अधिक हो गई है। स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98.81 प्रतिशत है। मंत्रालय के अनुसार, देश में कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान के तहत अब तक 220.67 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं।

### नोएडा में पुलिस की जीप को पिकअप वैन ने मारी टक्कर, दरोगा की मौत

**नोएडा।** जिले के थाना फेस -1 में पुलिस की एक जीप को पिकअप वैन ने टक्कर मार दी जिससे उसमें सवार दरोगा गंभीर रूप से घायल हो गए और बाद में इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) हरीश चंदर ने सोमवार को बताया कि थाना फेस- 1 में तैनात उपनिरीक्षक रामकिशोर (उम्र 54 वर्ष) बीती रात को सरकारी गाड़ी थार पर सवार होकर सेक्टर -2 में गश्त कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इसी दौरान सेक्टर दो चौराहे पर एक पिकअप वैन के चालक ने तेज गति से और लापरवाही से वाहन चलाते हुए पुलिस की जीप को टक्कर मार दी। चंदर ने बताया कि इस घटना में उप निरीक्षक रामकिशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। डीसीपी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गुरूग्राम में ट्रेन में अंदर नहीं जाने देने पर यात्रियों ने किया हंगामा;पटरियों पर बैठे

**गुरूग्राम।** राजस्थान के खाटू श्याम मंदिर जा रहे यात्री ट्रेन में भीड़ होने के कारण रेलवे ट्रैक पर बैठ गए क्योंकि ट्रेन में अंदर बैठे यात्रियों ने उन्हें अंदर नहीं चढ़ने दिया। पुलिस ने सोमवार को जानकारी दी। गुस्साए यात्रियों ने ट्रेन को करीब 30 मिनट तक रोके रखा। अंत में यात्री रेलवे स्टेशन प्रशासन और रेलवे पुलिस से बातचीत के बाद ही ट्रैक खाली करने को राजी हुए। पुलिस के मुताबिक, घटना रविवार रात करीब 8.10 बजे उस वक्त की है जब दिल्ली सराय रोहिल्ला से उदयपुर सिटी, जाने वाली चेतक एक्सप्रेस गुरुग्राम रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म 1 पर पहुंची। ट्रेन में पहले से ही भारी भीड़ थी। ऐसे में ट्रेन में अंदर बैठे यात्रियों ने बाहर खड़े यात्रियों की कोई मदद नहीं की और ट्रेन के दरवाजे खोलने से इनकार कर दिया। गुरुग्राम के एसएचओ, इंस्पेक्टर श्योताज सिंह (राजकीय रेलवे पुलिस स्टेशन) ने बताया यात्रियों ने हंगामा किया और ट्रेन को रोका। उन्हें समझाबुझा कर शांत कराने के बाद ट्रेन रात करीब 8.40 बजे रवाना हुई।

### दिल्ली के रोहिणी में पैथ लैब की इमारत में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के रोहिणी में एक पैथोलॉजी लैब में रविवार देर रात भीषण आग लग गयी। अग्निशमन विभाग ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि आग एक इमारत की तीसरी और चौथी मंजिल पर लगी, जहां पैथोलॉजी लैब है। उन्होंने बताया कि आग लगने की सूचना विभाग को रात करीब 12:45 बजे मिली। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने कहा, 'कुल 10 दमकल गाड़ियों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया। आग को पूरी तरह से बुझाने में दो घंटे से अधिक समय लगा। घटना में कोई घायल नहीं हुआ है।' उन्होंने बताया कि मामले की जांच के लिए पुलिस को सूचित कर दिया गया है।

### फैसल कुरैशी ने पाकिस्तान में भारतीय फिल्में रिलीज किए जाने की वकालत की

**कराची।** पाकिस्तान के शीर्ष अभिनेताओं और निमार्ताओं में से एक फैसल कुरैशी ने स्थानीय सिनेमा को पुनर्जीवित करने के लिए देश में भारतीय फिल्में रिलीज किए जाने की वकालत की है। कई हिट धारावाहिकों में अभिनय कर चुके और कई ब्लॉकबस्टर सीरीज बनाने करने वाले कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान को आगे बढ़ने के लिए भारतीय फिल्मों की स्क्रीनिंग पर से प्रतिबंध हटाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, एक पाकिस्तानी होने के नाते, मैं बहुत देशभक्त हूं। लेकिन अगर आपको पाकिस्तानी सिनेमा चलाना है, तो यह आवश्यक है कि आप भारतीय फिल्में रिलीज करें। उन्होंने एक स्थानीय चैनल को दिए साक्षात्कार में कहा, मैं जानता हूं कि पाकिस्तान में दर्शक भारतीय फिल्में देखना चाहते हैं। आप उन पर अपनी इच्छा नहीं थोप सकते। (आइए) रिश्ते सुधारने के लिए काम करें। साल 2019 के अंत से पाकिस्तान के सिनेमा घरों में भारतीय फिल्मों की स्क्रीनिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा हुआ है, लेकिन फिल्म प्रेमी इन फिल्मों को 'नेटफ्लिक्स' और 'प्राइम वीडियो' जैसे विभिन्न स्ट्रीमिंग प्लेटफार्मों पर आसानी से देख सकते हैं, जो गैरकानूनी नहीं है।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने देशवासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को देशवासियों को नये साल की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने नागरिकों से समावेशी एवं सतत विकास के प्रति नई प्रतिबद्धता के साथ योगदान देने का आह्वान किया। राष्ट्रपति ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'सभी को नये साल की हार्दिक शुभकामनाएं! वर्ष 2024 सभी के लिए खुशियां, शांति और समृद्धि लाए। आइए हम समावेशी और सतत विकास में योगदान देने की नई प्रतिबद्धता के साथ नये साल का स्वागत करें।'

## अगरतला पुस्तक मेला 21 फरवरी से होगा शुरू

**अगरतला।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा 21 फरवरी को 42वें अगरतला पुस्तक मेला, 2024 का उद्घाटन करेंगे। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि दो सप्ताह चलने वाला पुस्तक मेला 'हापानिया इंटरनेशनल फेयर ग्राउंड' में आयोजित किया जाएगा। सूचना और सांस्कृतिक विभाग के सचिव पी. के. चक्रवर्ती ने 'पीटीआई-' से कहा, 'मुख्यमंत्री माणिक साहा 21 फरवरी को हापानिया इंटरनेशनल फेयर ग्राउंड में 42वें अगरतला पुस्तक मेले, 2024 का उद्घाटन करेंगे। 21 फरवरी अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस भी है।' चक्रवर्ती ने कहा कि मुख्यमंत्री ने 30 दिसंबर को पुस्तक मेले की तैयारियों से जुड़ी एक बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने स्थानीय लेखकों और प्रकाशकों की गुणवत्तापूर्ण पुस्तक खरीदने पर जोर दिया। अगरतला पुस्तक मेला वहां आने वाले लोगों की संख्या और बिक्री से होने वाली आय के लिहाज से गुवाहाटी पुस्तक मेला के बाद पूर्वोत्तर का दूसरा सबसे बड़ा पुस्तक मेला है।

## चीनी वर्चस्व को भारत की चुनौती से पैदा होंगे अभूतपूर्व निवेश के अवसर: महिंद्रा

दर्पण न्यूज सर्विस
नई दिल्ली




महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने कहा है कि दुनिया आपूर्ति श्रृंखला पर चीन के दबदबे को चुनौती देने वाले एक भरोसेमंद विकल्प के तौर पर भारत को देखना चाहती है जिससे वर्ष 2024 में अभूतपूर्व निवेश के अवसर पैदा होंगे। महिंद्रा ने नववर्ष पर अपने संदेश में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था कई दशकों से प्रतीक्षित उछाल भरने के लिए तैयार है और मनचाहे उत्पादों की पेशकश कर सकने वाली कंपनियों को नए साल में बढ़ती मांग को पूरा करने की खूबसूरत चुनौती का सामना करने में खुशी होगी। उन्होंने नए साल को नई शुरूआत के लिए खास अवसर बताते हुए कहा, 'इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता है कि पिछला साल कितना खराब रहा है, मानवीय प्रेरणा हमेशा उम्मीद का दामन थामती है। वर्ष 2023 में संघर्ष, जलवायु परिवर्तन और कोविड महामारी के बाद के सुधार में आई सुस्ती हावी रही। इस साल का समापन नया जोश भरने की चाहत के साथ हुआ।' महिंद्रा समूह के मुखिया ने नए साल को नया अध्याय एवं आशावाद एवं नई शुरूआत का अवसर बताते हुए कहा, 'वैश्विक स्तर पर दुनिया चाहती है कि भारत आपूर्ति श्रृंखला में चीन के वर्चस्व को चुनौती देने वाला एक भरोसेमंद विकल्प बने। यह 2024 में एक बड़ा मौका है। इससे उछाल को रफ्तार मिलेगी। भारत में निवेश अभूतपूर्व मात्रा में आने वाला है।' उन्होंने कहा कि विनिर्माण क्षेत्र में बड़ा उछाल हासिल करने का अवसर भारत के सामने है और इसे दोनों हाथों से लपकना चाहिए। वहीं दीर्घकालिक रूप में नवोन्मेषण की क्षमता भारतीय अर्थव्यवस्था को उछाल देने का काम करेगी।

## मैसाच्युसेट्स में भारतीय मूल के परिवार की मौत की जांच में जुटी है पुलिस

**न्यूयॉर्क (अमेरिका)।** अमेरिकी पुलिस भारतीय मूल के एक अमीर दंपति और उनकी किशोर बेटी की मौत की जांच में जुटी हुई है। मीडिया में आयी एक खबर में यह जानकारी दी गयी। राकेश कमल (57), उनकी पत्नी टीना (54) और उनकी 18 वर्षीय बेटी एरियाना मैसाच्युसेट्स में 50 लाख डॉलर के अपने आलीशान बंगले में बृहस्पतिवार को मृत पाए गए थे। उनके इस बंगले में 11 शयनकक्ष और 13 स्नानघर हैं। नोरफॉक के डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी माइकल मोरिसे ने घटना को 'घरेलू हिंसा' करार दिया क्योंकि राकेश के शव के पास से एक बंदूक बरामद की गयी है। 'एनबीसी बोस्टन' ने शनिवार को बताया कि पुलिस परिवार के तीन सदस्यों की मौत की जांच कर रही है और घटना की वजह का पता लगा रही है। दस्तावेजों के अनुसार टीना और उनके पति ने 2016 में 'एडुनोवा' कंपनी खोली थी लेकिन दिसंबर 2021 में यह बंद हो गयी। डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी ने बताया कि इन तीनों के शव तब मिले जब उनका एक परिचित एक या दो दिन से उनसे बात न होने के बाद उनका हालचाल लेने उनके घर पहुंचा।

## दिल्ली में नये साल की सुबह अन्य दिनों की तुलना में गर्म रही

दर्पण न्यूज सर्विस
नई दिल्ली



दिल्ली में सोमवार को नये साल की सुबह अन्य दिनों की तुलना में गर्म रही और न्यूनतम तापमान 10.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम के औसत तापमान से तीन डिग्री अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, सोमवार को दिल्ली के मुख्य मौसम केंद्र सफदरजंग में दृश्यता 700 मीटर और पालम में 1,200 मीटर दर्ज की गई। मौसम वैज्ञानिकों ने अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रहने के साथ कुछ स्थानों पर दिन के समय मौसम सर्द रहने की संभावना जताई है। भारतीय रेलवे के मुताबिक, कोहरे के कारण दिल्ली आने वाली 21 रेलगाड़ियां अपने निर्धारित समय से एक से पांच घंटे की देरी से चल रही हैं। शहर में सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 88 प्रतिशत थी। दिल्ली वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह नौ बजे 356 दर्ज किया गया, जो कि 'बेहद खराब' श्रेणी में आता है। एक्यूआई शून्य से 50 के बीच 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बेहद खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है। छह वर्षों में दिसंबर 2023 सबसे गर्म रहा और राष्ट्रीय राजधानी में पूरे महीने में एक भी 'शीत लहर' वाला दिन दर्ज नहीं किया गया।

## पाकिस्तान में 2023 के दौरान आतंकवाद के कारण मौतों की संख्या अभूतपूर्व स्तर पर पहुंची : रिपोर्ट

दर्पण न्यूज सर्विस
कराची

पाकिस्तान में 2023 के दौरान आतंकवाद के कारण मौतों की संख्या में 'अभूतपूर्व' वृद्धि दर्ज की गई, जिसमें हिंसा से संबंधित कुल मौतें छह साल के रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। इस दौरान सबसे अधिक प्रभावित प्रांतों में खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान शामिल रहे। एक थिंक टैंक की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

इस्लामाबाद स्थित 'सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्ट्डीज' द्वारा तैयार की गई वार्षिक सुरक्षा रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में पाकिस्तान में 789 आतंकी हमलों और आतंकवाद-रोधी अभियानों में कम से कम 1,524 लोगों की मौत हुई जबकि 1,463 लोग घायल हुए। इसके अनुसार, मारे गए लोगों में लगभग 1,000 नागरिक और सुरक्षा बल के जवान शामिल थे। रविवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि आतंकवाद के कारण मौत के मामले में यह छह साल का उच्चतम स्तर है, जो 2018 के स्तर से अधिक और 2017 के बाद से सबसे अधिक है।



सीआरएसएस ने कहा कि 2021 के बाद से देश में हर साल हिंसा और आतंकी हमलों में वृद्धि हुई है। इसने खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांतों को हिंसा के मुख्य केंद्रों के रूप में चिह्नित किया। इसके विपरीत, पंजाब और सिंध प्रांतों में संयुक्त रूप से 2023 में केवल आठ प्रतिशत मौतें हुईं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022 में कुल मौतों की संख्या 980 से बढ़कर 2023 में 1,524 हो गई। इसमें बलूचिस्तान प्रांत में 57 प्रतिशत और खैबर पख्तूनख्वा में 55 प्रतिशत की चिंताजनक बढ़ोतरी शामिल है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 2023 में दर्ज की गई सभी हिंसा संबंधी मौतों में से लगभग 65 प्रतिशत मौतें आतंकवादी घटनाओं के कारण हुईं, जबकि शेष 35 प्रतिशत मौतें आतंकवादियों के खिलाफ सुरक्षा बलों के अभियानों से हुईं।

**तरक्की**

**36 लाख किसानों को प्रतिदिन मिल रहे हैं 200 करोड़ रुपये**

# आगे बढ़ रहा है गुजरात का डेयरी क्षेत्र

दर्पण न्यूज सर्विस
अहमदाबाद

गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) से 36 लाख डेयरी किसानों को संयुक्त रूप से प्रतिदिन 200 करोड़ रुपये मिलते हैं। इससे राज्य के लोगों को समृद्ध करने में मदद मिल रही है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य में डेयरी क्षेत्र का आकार एक लाख करोड़ रुपये का हो गया है। मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने कहा कि 10 से 12 जनवरी के बीच गांधीनगर में आयोजित होने वाला वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन का 10वां संस्करण सरकार को कृषि, बागवानी और पशुपालन में राज्य की तेजी से वृद्धि को प्रदर्शित करने का एक मंच प्रदान करेगा। सरकार द्वारा जारी बयान के अनुसार, राज्य का कृषि, बागवानी और पशुपालन क्षेत्र प्राकृतिक खेती तथा उन्नत प्रौद्योगिकियों के संयोजन के जरिये



बेहतरीन वृद्धि कर रहा है। ये गुजरात की संसाधनों के महत्तम इस्तेमाल करने वाली अर्थव्यवस्था में योगदान दे रहे हैं और डेयरी क्षेत्र की वैश्विक प्रतिष्ठा को आगे बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री पटेल ने हाल ही में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, 'आगामी वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन 2024 प्राकृतिक कृषि पद्धतियों और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के संयोजन की बदौलत कृषि, बागवानी और पशुपालन में राज्य की तेजी से हो रही वृद्धि को प्रदर्शित करेगा। यह समग्र दृष्टिकोण न केवल संसाधनों के महत्तम इस्तेमाल की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि डेयरी क्षेत्र में राज्य की वैश्विक स्थिति को भी बेहतर कर रहा है।' सरकारी बयान के अनुसार, गुजरात में डेयरी उद्योग एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। जीसीएमएमएफ के जरिये 36 लाख डेयरी किसानों को प्रतिदिन 200 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाता है।

बयान में कहा गया, 'विश्वस्तर पर मान्यता प्राप्त अमूल ब्रांड जिसके तहत जीसीएमएमएफ दूध तथा डेयरी उत्पादों का विपणन करता है, लाखों डेयरी किसानों की कड़ी मेहनत का प्रमाण है।' इंडियन डेयरी एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं जीसीएमएमएफ के पूर्व प्रबंध निदेशक आर एस सोढ़ी ने कहा कि गुजरात से अमूल की संगठित डेयरी खरीद 27 साल में 30 लाख लीटर से नौ गुना होकर 270 लाख लीटर हो गई है। यह राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पिछले कुछ वर्षों में हुई प्रगति को दशार्ता है।' आणंद जिले के नापद वंतो गांव के ग्वाले शोभराज रबारी ने कहा कि उनके परिवार ने डेयरी व्यवसाय की शुरूआत दो गायों के साथ की थी और अब उनके पास 35 गाय हैं। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन से हमें बहुत मदद मिली...मैं प्रति माह 2,000 लीटर दूध की आपूर्ति करता हूं। मेरी आय 1.10 लाख रुपये है। हमें दूध के अच्छे दाम मिल रहे हैं। हमें सरकार से अच्छा समर्थन मिल रहा है।' वहीं आणंद के बोरसद तालुका के जारोला गांव के डेयरी किसान जयेश पटेल ने कहा, 'यह शिखर सम्मेलन मेरे लिए महत्वपूर्ण है। मेरे जैसे कई लोग इस शिखर सम्मेलन में भाग लेते हैं और कई लाभ प्राप्त करते हैं। मैंने लगातार वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन का फायदा उठाया है।'

# सीएम सुक्खू ने कुल्लू में 198 करोड़ लागत की 13 परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास किए

## कहा प्रदेश सरकार पर्यटकों को हर संभव सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धः सुखविंदर सिंह सुक्खू

**दर्पण न्यूज सर्विस**
शिमला





मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज जिला कुल्लू के प्रवास के दौरान जिला के लिए 198 करोड़ रुपये की 13 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास किए। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि इन परियोजनाओं से स्थानीय निवासी और पर्यटक दोनों ही लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने राज्य के समान विकास के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर बल देते हुए कहा कि यह विकास परियोजनाएं कुल्लू जिले के विकास में मील पत्थर साबित होंगी। मुख्यमंत्री ने 20 करोड़ रुपये से की लागत से निर्मित सब्जी मंडी बंदरोल तथा 9.07 करोड़ रुपये से रायसन में ब्यास नदी पर बने डबल लेन पुल का लोकार्पण किया। उन्होंने नेहरू कुंड (बाहांग) में ब्यास नदी पर बुरवा और शनाग सम्पर्क मार्ग को जोड़ने वाले 6.44 करोड़ रुपये से बने स्टील ट्रस ब्रिज, जगतसुख नाला पर 4.07 करोड़ रुपये और चक्की नाला पर 3.37 करोड़ रुपये से बने आरसीसीटी-बीम पुलों, पतलीकूहल में 20 लाख रुपये से बने विवेकानन्द पुस्तकालय, मनाली में 7.83 करोड़ रुपये से बनी इको-फ्रेंडली मार्केट मढ़ी, सोलंगनाला में 54 लाख रुपये से तैयार वे साइड सुविधाएं और सजला में 29 लाख रुपये की लागत से निर्मित आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने 130.18 करोड़ रुपये की लागत से भबेली जिंदौर सड़क के रखरखाव और टारिंग, 3.59 करोड़ रुपये की बंदरोल दीदारी शरण सड़क, 1.49 करोड़ रुपये की फ्लेन से ग्राहन सड़क और 10.86 करोड़ रुपये से ब्यास नदी के दाहिने किनारे पर ग्राम कटराईं, 15 मील बड़ाग्रां बिहाल और आसपास के क्षेत्रों के लिए बाढ़ सुरक्षा कार्यों की आधारशिलाएं भी रखीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार के कुप्रबंधन के कारण हिमाचल को वित्तीय चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, लेकिन इसके बावजूद राज्य सरकार ने केवल एक वर्ष के भीतर अर्थव्यवस्था को सफलतापूर्वक पुनर्जीवित किया है और आर्थिकी में 20 प्रतिशत का उल्लेखनीय सुधार हुआ है। बंदरोल सब्जी मंडी का उद्घाटन करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि 2023 में हिमाचल प्रदेश के लोगों ने आपदा का बहादुरी से सामना किया। उन्होंने कहा वित्तीय चुनौतियों के बावजूद, राज्य सरकार ने नियमों में बदलाव कर प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जन सेवा के लिए पूरी तरह समर्पित है और यह प्रतिबद्धता सरकार द्वारा आपदा प्रभावितों की सहायता के लिए लाए गए 4,500 करोड़ रुपये के विशेष राहत पैकेज से स्पष्ट झलकती है। इस राहत पैकेज के तहत पूरी तरह से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए मुआवजा 1.30 लाख रुपये से साढ़े पांच गुना बढ़ाकर 7 लाख रुपये किया गया है और कच्चे मकानों को आंशिक क्षति के मामले में मुआवजा 25 गुना बढ़ाकर 1 लाख रुपये किया गया है। इसी प्रकार पक्के मकानों के लिए मुआवजा 15.5 गुणा बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा के दौरान वह तीन दिन तक स्वयं कुल्लू में रहे और 48 घण्टे के भीतर आवश्यक सेवाएं अस्थाई रूप से बहाल की गईं। प्रदेश सरकार ने 75 हजार पर्यटकों और 15 हजार वाहनों को सुरक्षित बाहर निकाला। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के बावजूद मुख्य पर्यटक स्थलों जैसे शिमला, मनाली और धर्मशाला में प्रदेश सरकार के सकारात्मक प्रयासों से पर्यटकों की संख्या में बढ़ौतरी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर्यटकों को हर प्रकार की सुविधा प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि मनाली और अन्य क्षेत्रों में ट्रैफिक जाम को लेकर गलत सूचनाएं फैलाई जा रही हैं, जोकि पूरी तरह से निराधार हैं। उन्होंने कहा कि नव वर्ष के अवसर पर प्रदेश सरकार ने राज्य के युवाओं के लिए सौर ऊर्जा क्षेत्र में राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना के चरण-2 को शुरू करने का भी निर्णय लिया है। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, विधायक भुवनेश्वर गौड़, पूर्व मंत्री खीमी राम, पूर्व विधायक रघुबीर सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सेसराम आजाद, एपीएमसी कुल्लू के अध्यक्ष राम सिंह मियां, एपीएमसी मण्डी के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया, उपायुक्त आशुतोष गर्ग, पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा और अन्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## कैप्टन मृदुल शर्मा की शहादत को सदैव याद रखेंगे देशवासी

**दर्पण न्यूज सर्विस**
हमीरपुर



हिमाचल प्रदेश के सेना मैडल (शौर्य) से अलंकृत शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा के शहीदी दिवस पर सोमवार को उन्हें हमीरपुर में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा चौक पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू, उपायुक्त हेमराज बैरवा, एसपी डॉ. आकृति शर्मा, सहायक आयुक्त पवन कुमार शर्मा, कैप्टन मृदुल शर्मा के भाई डॉ. मुकुल शर्मा, भूतपूर्व सैन्य अधिकारियों एवं सैनिकों, कांग्रेस के पदाधिकारियों, नगर परिषद के पार्षदों और शहर के अन्य गणमान्य नागरिकों ने कैप्टन मृदुल शर्मा के स्मारक पर पुष्प अर्पित करके भावभीनी श्रद्धांजलि दी। देश के लिए कैप्टन मृदुल शर्मा के सर्वोच्च बलिदान का स्मरण करते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि समस्त देशवासी उनकी शहादत को सदैव याद रखेंगे और प्रत्येक हमीरपुरवासी के लिए यह गौरव की बात है कि कैप्टन मृदुल शर्मा इस वीरभूमि के सपूत थे। कैप्टन मृदुल शर्मा एक जनवरी 2004 को जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में बहादुरी के साथ लड़ते हुए शहीद हो गए थे। इस अदम्य साहस के लिए उन्हें मरणोपरांत सेना मैडल (शौर्य) से अलंकृत किया गया था। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार ने बताया कि हमीरपुर में निमार्णाधीन युद्ध स्मारक के कार्य को गति प्रदान की जाएगी और इसे भव्य रूप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सैनिक बहुल जिला हमीरपुर के लगभग 350 शहीद सैनिकों के नाम इस स्मारक में अंकित किए जाएंगे।

## हिमाचल मंत्रिमण्डल के निर्णयः राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना के चरण-2 को शुरू किया जाएगा

**दर्पण न्यूज सर्विस**
शिमला



हिमाचल प्रदेश केबिनेट की बैठक आज यहां हुई। इसमें कई प्रमुख निर्णय लिये गए। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज यहां प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की गई। नए साल की शुरूआत में होने वाली इस मंत्रिमंडल की पहली बैठक में प्रदेश के कर्मचारियों को और आम लोगों को कई सौगात मिल सकती हैं।

बैठक में युवाओं को सशक्त बनाने व स्वच्छ ऊर्जा पहल को आगे बढ़ाने के दृष्टिगत सौर ऊर्जा के दोहन के लिए राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना के चरण-2 को शुरू करने का निर्णय लिया गया। यह योजना 100 किलोवाट से 500 किलोवाट तक क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाओं (एसपीपी) को स्थापित करने पर केंद्रित है। यह योजना राज्य के अक्षय ऊर्जा लक्ष्यों को हासिल करने में मील पत्थर साबित होगी। यह योजना 21 से 45 वर्ष की आयु के युवाओं को उद्यमशीलता के अवसर प्रदान करने के साथ-साथ कौशल विकास को प्रोत्साहित करेगी।

योजना के तहत प्रतिभागियों को तीन बीघा भूमि पर 100 किलोवाट क्षमता की परियोजना स्थापित करने के लिए 25 वर्षों तक लगभग 20,000 रुपये मासिक आय और क्रमशः पांच और दस बीघा भूमि में स्थापित की जाने वाली 200 किलोवाट और 500 किलोवाट क्षमता की परियोजनाओं के लिए 40,000 रुपये व एक लाख प्रतिमाह मासिक आय प्राप्त होगी।

योजना के तहत, वित्तपोषण में राज्य सरकार द्वारा 70 प्रतिशत बैंक ऋण उपलब्ध करवाने में सहायता और राज्य सरकार द्वारा 30 प्रतिशत इक्विटी प्रदान की जाएगी। सौर ऊर्जा डेवलपर को केवल 10 प्रतिशत जमानत राशि जमा करवानी होगी। यह जमानत राशि 25 वर्षों के उपरान्त डेवलपर को वापिस कर दी जाएगी। कैबिनेट ने 8 जनवरी, 2024 से पूरे राज्य में ह्यसरकार गांव के द्वारह्व शुरू करने को भी स्वीकृति प्रदान की। इस दौरान 12 फरवरी, 2024 तक गांवों के समूहों में सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ संवाद किया जाएगा।

## हिमाचल में नए साल का तोहफा, हाटी समुदाय को मिला दर्जा

**दर्पण न्यूज सर्विस**
शिमला



हिमाचल प्रदेश में सिरमौर के ट्रांसगिरी क्षेत्र के हाटी समुदाय को जनजातीय दर्जा मिल गया है। सूबे की सुक्खू सरकार ने केंद्र की अधिसूचना पर मोहर लगा दी है। हाटी को एसटी का दर्जा देने को लेकर केंद्र सरकार से स्पष्टीकरण मिलने के बाद सुक्खू सरकार ने यह निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज कैबिनेट बैठक के बाद शिमला में आयोजित पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी।

**हाटी समुदाय के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से की भेंट**

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार से इस मुद्दे पर पत्र लिखकर स्पष्टीकरण मांगा गया है। केंद्र सरकार से स्पष्टीकरण मिलने के 10 घण्टे के भीतर हमारी सरकार ने हाटी समुदाय को जनजातीय दर्जा देने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि वह 3 जनवरी को नाहन का दौरा कर वहां के लोगों से इस विषय पर बात करेंगे।

बता दें कि ट्रांसगिरी क्षेत्र में हाटी समुदाय के लोग 1967 से उत्तराखंड के जौनसार बाबर को जनजाति दर्जा मिलने के बाद से संघर्षरत थे। लगातार कई वर्षों तक संघर्ष के बाद केंद्रीय कैबिनेट ने हाटी समुदाय की मांग को 14 सितंबर 2022 को अपनी मंजूरी दी थी। उसके बाद केंद्र सरकार ने 16 दिसंबर 2022 को इस बिल को लोकसभा से पारित करवाया। उसके बाद यह बिल राज्यसभा से भी पारित हो गया। राज्यसभा से पारित होने के बाद सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद इसे राष्ट्रपति के लिए भेजा गया था। 9 दिनों में ही राष्ट्रपति ने विधेयक पर लगाई मुहर लगा दी थी।

हाटी समुदाय में करीब 2 लाख लोग 4 विधानसभा क्षेत्र शिलाई, श्री रेणुका जी, पच्छाद तथा पांवटा साहिब में रहते हैं। जिला सिरमौर की कुल 269 पंचायतों में से ट्रांसगिरी में 154 पंचायतें आती हैं। इन 154 पंचायतों की 14 जातियों तथा उप जातियों को एसटी संशोधित विधेयक में शामिल किया गया है। सिरमौर जिला के हाटी समुदाय के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज यहां मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट कर समुदाय को अनुसूचित जनजाति के रूप में अधिसूचित करने के लिए आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार को विगत शनिवार सायं केंद्र सरकार से स्पष्टीकरण प्राप्त हुआ है और आज राज्य सरकार ने इस संबंध में अविलम्ब अधिसूचना जारी कर दी। उन्होंने कहा कि 3 जनवरी, 2024 को सिरमौर जिले के अपने प्रस्तावित दौरे के दौरान वह हाटी समुदाय को इस दर्जे की औपचारिक घोषणा करेंगे इस अवसर पर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान और समुदाय के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## गिरिपार क्षेत्र को शुभकामनाएं, हमने जो वादा किया था वह निभा दियाः जयराम ठाकुर

**दर्पण न्यूज सर्विस**
शिमला

**कांग्रेस ने राजनीति का विषय बना हजारों हाटी युवाओं के भविष्य से किया खिलवाड़**

हाटी समुदाय को जनजातीय दर्जा दिए जाने संबंधित अधिसूचना जारी होने पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि गिरिपार क्षेत्र के हाटी समुदाय के साथ किया अपना वादा मैंने निभा दिया। सभी को शुभकामनाएं। जो हक 58 साल पहले मिल जाना चाहिए था। उसके लिए आज भी रोड़े अटकाने का प्रयास हुआ। राष्ट्रपति से मंजूरी मिलने के बाद भी हाटी समुदाय को जनजातीय दर्जा देने से रोकने का प्रयास किया गया। एक स्पष्ट निर्देश होने के बाद भी स्पष्टीकरण के नाम पर पांच महीनें तक चीजों को अटकाने की कोशिश हुई। यह दुःखद है। मैं पूरी ग्यारह से आश्वस्त हूँ कि जनजातीय दर्जा मिलने के बाद विकास के दृष्टि से पीछे रह गये हाटी समुदाय के लोग भी तेजी से आगे बढ़ेंगे और परस्पर सौहार्द बनाए रखेंगे। उन्होंने कहा कि हाटी समुदाय को यह दर्जा 1968 में ही मिल जाना चाहिए था जब उत्तराखंड के जौनसार बावर के जौनसारी समुदाय को मिला था क्योंकि हाटी समुदाय और जौनसारी समुदायों के बीच सामाजिक, सांस्कृतिक के साथ ही भौगोलिक समानता भी थी। तब गिरिपार के साथ अन्याय हुआ था। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जिस समय सरकार को हाटी समुदाय को जनजातीय दर्जा देने के प्रावधानों में अपनी ऊर्जा लगानी चाहिए थी उस समय कांग्रेस की सुक्खू सरकार ने उस कानून को अटकाने, भटकाने और लटकाने के तरीके खोजने में अपनी ऊर्जा खर्च कर रही थी। आखिरकार स्पष्टीकरण के नाम पर इस कानून को लागू करने से रोकने का प्रयास किया गया।

## प्रदेश सरकार जनजातीय क्षेत्र के विकास के लिए वचनबद्धः जगत सिंह नेगी

**दर्पण न्यूज सर्विस**
रिकांगपिओ

**54 लाख 64 हजार रुपए की लागत से निर्मित पशु चिक्तिसालय भवन कल्पा का लोकार्पण किया**

राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज जिला किन्नौर में कल्पा खण्ड के रोघी पंचायत में 14 लाख 6 हजार रुपए की लागत से निर्मित 2.555 किलोमीटर लोक निमार्ण विश्राम गृह रोघी से कास्तयो होते हुए रोघी कण्डें सडक व 12 लाख 68 हजार की लागत से निर्मित 2.795 किलोमीटर चिस्काओ से कानारो वाया ओमे से पानूगों तक जीप योग्य सम्पर्क सडक का उद्घाटन किया तथा 40 लाख 58 हजार रुपए की लागत से 1.500 किलोमीटर निर्मित होने वाली रोघी से दखाए सम्पर्क सडक का शिलान्यास भी किया व लोक निमार्ण विभाग को रिकॉर्ड समय में सड़क निर्मित करने को कहा।

राजस्व मंत्री ने रोघी में जनता को संम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार जनजातीय क्षेत्र के विकास के लिए वचनबद्व है। हमारी सरकार सभी क्षेत्रों के समग्र विकास की दिशा में आगे बढ रही है। उन्होनें कहा कि प्रदेश के बागवानों की आय को बढ़ाने की दिशा में आगे बढते हुए राज्य सरकार ने पहली बार सेब प्रति किलो के हिसाब से बेचने का निर्णय लिया जो कि सफल भी हुआ और किसानों तथा बागवानों को उनकी फसल का उचित मुल्य प्राप्त हुआ। राजस्व मंत्री ने रोघी पंचायत के ग्रांमवासीयों की समस्याए सुनी और आश्वासन दिया की सभी समस्याओं का शीघ्र निपटारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पशु औषधालय के भवन का निर्माण किया जाएगा व सुबह 10 बजे रोगी के लिए बस सेवा आरंभ की जाएगी तथा कनारो मंदिर के निर्माण लिए उचित धन राशि दी जाएगी व रोघी के समस्त ग्राम वासियों को नववर्ष की बधाई दी।

**मांग पूरी**

**हिमाचल में हाटी समुदाय को मिला एसटी दर्जा**

## उद्योग मंत्री ने भाजपा पर लगाए मामले में राजनीति के आरोप

**दर्पण न्यूज सर्विस**
शिमला



हिमाचल के जनजातीय जिला सिरमौर में गिरिपार क्षेत्र के हाटी समुदाय को जनजातीय घोषित करने के अधिनियम को हिमाचल सरकार ने प्रदेश में लागू कर दिया है। इस अवसर पर शिमला में आज उद्योग मंत्री की उपस्थिति में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अधिकारियों व गिरिपार क्षेत्र के लोगों की मौजूदगी में अधिसूचना जारी की। बताया जा रहा है कि गिरिपार हाटी विकास कल्याण मंच के पदाधिकारी और कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता बीती रात को ही शिमला पंहुच चुके थे।

साल 2023 के अगस्त महीने में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हाटी समुदाय को एसटी दर्जा देने को लेकर अधिसूचना जारी की। इसके बाद गिरीपार इलाके के लोगों को प्रदेश सरकार की अधिसूचना का इंतजार था। लेकिन अब यह इंतजार भी खत्म हो गया है। लंबे इंतजार के बाद पहली जनवरी 2024 को गिरी पार इलाके के लोगों को एसटी दर्जा देने के लिए सरकार ने मंजूरी दी। इसको लेकर अधिसूचना भी जारी की गई है। इस दौरान प्रदेश सरकार में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने गिरिपार इलाके के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। उद्योग मंत्री ने भाजपा पर इस मामले में राजनीति करने का भी आरोप लगाया। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार हमेशा से ट्रांसगिरी व गिरीपार के हाटी समुदाय को जनजातीय दर्जा देने के पक्ष में थी। उन्होंने कहा कि पूर्व की वीरभद्र सरकार के दौरान उन्होंने खुद भी सदन में इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि यह मामला केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र का था।

लिहाजा प्रदेश सरकार को केंद्र के आदेशों को जस का तस लागू करना था। लेकिन केंद्र से आई अधिसूचना में त्रुटि के कारण प्रदेश सरकार हिमाचल में केंद्र की अधिसूचना को लागू नहीं कर पाए। ऐसे में प्रदेश सरकार ने केंद्र से स्पष्टीकरण मांगा था। इसके बाद जैसे ही केंद्र से स्पष्टीकरण आया तो प्रदेश सरकार ने बिना देरी के हाटी समुदाय को जनजाति दर्जा देने को लेकर अधिसूचना जारी कर दी। इस दौरान हर्षवर्धन चौहान ने भाजपा पर निशाना भी साधा। हर्षवर्धन चौहान ने भाजपा पर पूरे प्रकरण में राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों को भी इसमें राजनीति नहीं करनी चाहिए।

बता दें कि बीते कल यानि 31 दिसंबर 2023 रविवार को हिमाचल प्रदेश भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता और शिलाई के पूर्व विधायक बलदेव तोमर ने पाँवटा साहिब में पत्रकार वार्ता कर खुलासा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने हाटी मामले पर केंद्र सरकार से जो स्पष्टीकरण मांगा था, केंद्र ने उसका जवाब सरकार को भेज दिया है। उसके बाद से ही राजनैतिक सुगबुगाहट भी तेज हो गई। कांग्रेस के वर्कर्स भी कहने लगे कि प्रदेश सरकार ने 24 घंटे में लागू करने की बात कही है, तो उसे लागू करना चाहिए और उन्हे कांग्रेस सरकार पर भरोसा है कि वह जो कहती है वो करती है।

## संक्षिप्त-समाचार

### मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को नववर्ष की शुभकामनाएं दी



शिमला। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट कर उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि यह वर्ष प्रदेशवासियों के लिए सुख और समृद्धि लाएगा। उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, कैबिनेट मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल, प्रो. चंद्र कुमार, रोहित ठाकुर, अनिरुद्ध सिंह, विक्रमादित्य सिंह, राजेश धमार्णी और यादविंद्र गोमा भी इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ थे। उन्होंने भी राज्यपाल को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इससे पहले, राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष पी.एस. राणा, हिमाचल प्रदेश के मुख्य सूचना आयुक्त आर.डी. धीमान, हिमाचल प्रदेश रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. श्रीकांत बाल्दी और राज्य सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और प्रमुख लोगों ने इस अवसर पर राज्यपाल को बधाई दी। पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी राजभवन में राज्यपाल से भेंट की और उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। राजभवन के सभी सदस्यों और राज्य रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों ने राज्यपाल और लेडी गवर्नर श्रीमती जानकी शुक्ल का अभिनंदन किया और उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त करते हुए आशा व्यक्त की कि वर्ष 2024 सभी के जीवन में समृद्धि, उन्नति और खुशहाली लाएगा।

### ग्राम परोंठी में घरों में आग लगने की घटना पर दुःख व्यक्त किया

शिमला। हिमाचल के शिक्षा मंत्री राहित ठाकुर ने जुब्बल उपमण्डल के अन्तर्गत ग्राम परोंठी में रविवार रात को घरों में आग लगने की घटना पर दुःख व्यक्त किया है। इस दुखद घटना के कारण 10 परिवार प्रभावित हुए हैं। शिक्षा मंत्री ने प्रशासन को सभी प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवारों को 1.50 लाख रुपये की फौरी राहत राशि, 28 कम्बल, 7 किचन सैट व अन्य राहत सामग्री उपलब्ध करवाई गई है।

### प्रकाश नड्डा 5 को हिमाचल प्रदेश आएगें

शिमला। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा 5 जनवरी, 2024 को हिमाचल प्रदेश पधार रहे हैं। यह जानकारी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने आज यहां दी। उन्होंने बताया कि शिमला संसदीय क्षेत्र के भाई-बहन अपने हर दिल अजीज नेता का अभिनंदन करेंगे। भाजपा ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ प्रांतों के चुनाव में नड्डा जी की अध्यक्षता में व नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व में प्रचंड जीत दर्ज की है। उन्होंने बताया कि शिमला संसदीय क्षेत्र के लोग सोलन व शिमला में जगत प्रकाश नड्डा का स्वागत करेंगे। प्रातः 9:00 बजे सोलन मॉल रोड़ पर रोड़ शो एवं अभिनंदन समारोह होगा और दोपहर 1:00 बजे होटल पीटरहॉफ शिमला में अभिनंदन समारोह होगा। सांय काल 6:00 बजे भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश की कोर ग्रुप की बैठक को राष्ट्रीय अध्यक्ष संबोधित करेंगे। राजीव बिंदल ने कहा कि तीन बड़े राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत ने देश का संपूर्ण माहौल भाजपामय कर दिया है और नरेन्द्र भाई मोदी देश के अभिजीत नेता के रूप में उभरे हैं। डॉ. बिंदल ने कहा कि 2024 का वर्ष एक बार फिर नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का वर्ष शुरू हुआ है और मोदी जी व भाजपा के साथ ही देश की तरक्की सुनिश्चित होनी है। नरेन्द्र भाई मोदी ने 2047 तक भारत को दुनिया का सबसे श्रेष्ठ राष्ट्र बनाने का काम शुरू किया है और हम सब लोगों को मिलकर उसे पूरा करना है।

### पूर्व महापौर संजय चौहान को मातृशोक



शिमला। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी (सीपीआईएम) की हिमाचल प्रदेश राज्य कमेटी ने पूर्व महापौर व पार्टी राज्य सचिवमण्डल सदस्य संजय चौहान की माता श्रीमती सत्या चौहान के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है व उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। पार्टी ने श्रीमती सत्या चौहान के 84 वर्ष की उम्र में हुए देहांत को जनवादी आंदोलन के लिए एक भारी क्षति बताया है। पार्टी ने श्रीमती सत्या चौहान द्वारा देहदान करने के निर्णय को आम जनमानस के लिए बेहद प्रेरणादायक कदम बताया है जिस से न केवल आने वाली पीढ़ियां देहदान के लिए प्रेरित होंगी अपितु यह मेडिकल साइंस के लिए भी बेहद लाभदायक सिद्ध होगा। पार्टी राज्य सचिव डॉ ओंकार शाद ने कहा कि श्रीमती सत्या चौहान जी का देहदान आईजीएमसी शिमला के मेडिकल कॉलेज परिसर में स्थित एनाटमी विभाग में किया गया। इस दौरान उनके बेटे राजेन्द्र चौहान, संजय चौहान, पोते, पोतियां, रिश्तेदार, शिमला शहर के लोग, विभिन्न पार्टियों के नेतागण व आईजीएमसी के कर्मचारी आदि मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि श्रीमती सत्या चौहान का जीवन जनता को संघर्ष की प्रेरणा देता है। छोटी उम्र में ही उनके पति श्री सूरत सिंह चौहान का वर्ष 1977 में निधन हो गया था लेकिन कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने अपने बच्चों का पालन पोषण अच्छे से किया। इस तरह उन्होंने अपने पूरे परिवार को ही जन हितैषी बनाने में अग्रिम योगदान दिया।

# घरेलू मैदान पर हार का सिलसिला तोड़ने उतरेगा भारत, हरमनप्रीत के प्रदर्शन पर होगी निगाह

## आज का मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 1:30 बजे होगा शुरू

**दर्पण न्यूज सर्विस**
मुंबई

पिछले दो मैच में करीबी अंतर से पराजय झेलने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम मंगलवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर लगातार नौ मैच से चला आ रहा हार का सिलसिला खत्म करने की कोशिश करेगी। इस मैच में सभी का ध्यान भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर के प्रदर्शन पर टिका रहेगा। भारत ने वनडे श्रृंखला से पहले इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच जीते थे। इन दोनों मैच और उसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो वनडे मैच में हरमनप्रीत अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई। हरमनप्रीत ने इस सत्र में अब तक सभी प्रारूप में जो आठ पारियां खेली हैं उनमें से केवल तीन पारियों में वह दोहरे अंक तक पहुंच पाई। इस बीच उनका सर्वोच्च स्कोर 49 रन रहा जो उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच में बनाया था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच की एकमात्र पारी में हरमनप्रीत खाता भी नहीं खोल पाई थी जबकि पहले दो वनडे में उन्होंने 9 और 5 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने यह दोनों में जीत कर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल कर रखी है। पहले मैच में भारतीय गेंदबाज नहीं चल पाए थे और 8 विकेट पर 282 रन बनाने के बावजूद टीम को हार का सामना करना पड़ा था। दूसरे मैच में भारत का क्षेत्ररक्षण अच्छा नहीं रहा था और उसने सात कैच छोड़े थे। ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच तीन रन से जीता था। दूसरे मैच में रिचा घोष ने 113 गेंद पर 96 रन की लाजवाब पारी खेली थी जबकि जेमिमा रोड्रिग्स ने बल्लेबाजी में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा था। रिचा घोष नंबर तीन पर भारत की नई स्टार है जो टीम को आक्रामक शुरूआत देने में सक्षम है। दूसरी तरफ अमनजोत कौर और दीप्ति शर्मा पर दबाव होगा क्योंकि पिछले मैच में अच्छी स्थिति में होने के बावजूद वह टीम को लक्ष्य तक नहीं पहुंचा पाई थी। भारतीय टीम के लिए हालांकि सबसे बड़ी चिंता क्षेत्ररक्षण में खराब प्रदर्शन है। मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने स्वीकार किया कि टीम को इस विभाग में सुधार करने की जरूरत है। भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया को अपने घरेलू मैदान का फरवरी 2007 के बाद से नहीं हरा पाई है और अगर उसे हार का यह सिलसिला खत्म करना है तो उसकी खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। इस बीच मजूमदार ने पुष्टि की कि स्नेह राणा तीसरे मैच में खेलने के लिए उपलब्ध रहेगी। वह दूसरे वनडे में क्षेत्ररक्षण करते समय पूजा वस्त्राकर से टकराकर चोटिल हो गई थी। जहां तक ऑस्ट्रेलिया की बात है तो वह श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगा। उसकी कप्तान एलिसा हीली भी अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई हैं लेकिन फोएबे लीचफील्ड और एलिसे पेरी ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से ऑस्ट्रेलिया की जीत में अहम भूमिका निभाई है।



### टीम इस प्रकार है:

**भारतः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), रिचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर , तितास साधु, पूजा वस्त्राकर, स्नेह राणा, हरलीन देयोल।

**ऑस्ट्रेलियाः** एलिसा हीली (कप्तान और विकेटकीपर), डार्सी ब्राउन, हीथर ग्राहम, एशले गार्डनर, किम गार्थ, जेस जोनासेन, एलाना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा, बेथ मूनी (विकेटकीपर), एलिसे पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहैम।

# ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने टेस्ट के बाद वनडे से भी संन्यास लिया

**दर्पण न्यूज सर्विस**
सिडनी



दिग्गज बल्लेबाज डेविड वार्नर ने अपना अंतिम टेस्ट मैच खेलने से पहले सोमवार को एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से भी संन्यास लेने की घोषणा की लेकिन वह ऑस्ट्रेलिया की तरफ से टी20 क्रिकेट में खेलना जारी रखेंगे। इस 37 वर्षीय सलामी बल्लेबाज ने हालांकि स्पष्ट किया है कि अगर 2025 में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम को उनकी जरूरत पड़ती है तो वह चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। अपने घरेलू मैदान सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर अपना अंतिम टेस्ट मैच खेलने से पहले वार्नर ने खुलासा किया कि ऑस्ट्रेलिया का नवंबर में भारत के खिलाफ विश्व कप फाइनल उनका 50 ओवर के प्रारूप में आखिरी मैच था। वार्नर ने सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'मैं निश्चित रूप से एकदिवसीय क्रिकेट से भी संन्यास ले रहा हूं। यह कुछ ऐसा था जो मैंने (50 ओवर के) विश्व कप (2023 में भारत में) के दौरान कहा था कि भारत में जीत दर्ज करो। यह वास्तव में बहुत बड़ी उपलब्धि है।' उन्होंने कहा, 'इसलिए मैं आज इन प्रारूप से संन्यास लेने का फैसला कर रहा हूं जिससे मुझे दुनिया भर के अन्य लीग में खेलने का भी मौका मिलेगा। मैं जानता हूं कि चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन जल्द होगा। इन दो वर्षों में अगर मैं अच्छी क्रिकेट खेलता रहा और उन्हें मेरी जरूरत महसूस होती है तो मैं चयन के लिए उपलब्ध रहूंगा।' दुनिया के विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक वार्नर के नाम पर वनडे विश्व कप के दो खिताब दर्ज हैं जिनमें विश्व कप 2023 में भारत के खिलाफ फाइनल की जीत भी शामिल है। इस टूनार्मेंट में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की तरफ से सर्वाधिक रन बनाए थे। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज वार्नर ने 2009 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होबार्ट में अपने वनडे करियर का आगाज किया था। उन्होंने अपने करियर में 161 वनडे मैच खेले जिनमें 45.30 की औसत से 6932 रन बनाए। उनके नाम पर इस प्रारूप में 22 शतक और 33 अर्धशतक भी दर्ज हैं। वह ऑस्ट्रेलिया की तरफ से वनडे क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में छठे नंबर पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए सर्वाधिक शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में वह रिकी पोंटिंग के बाद दूसरे स्थान पर हैं। पोंटिंग ने वार्नर की तुलना में 205 पारियां अधिक खेली। वार्नर ने अभी तक 111 टेस्ट मैच खेले हैं जिनमें उनके नाम पर 44.58 की औसत से 8695 रन दर्ज हैं। उनके नाम पर टेस्ट क्रिकेट में 26 शतक और 36 अर्धशतक दर्ज हैं। वह ऑस्ट्रेलिया की तरफ से टी20 क्रिकेट में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे और उन्हें उम्मीद है कि जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले विश्व कप में उन्हें अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। वार्नर इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेल रहे हैं तथा टेस्ट और वनडे से संन्यास लेने के बाद उनका विश्व भर की टी20 लीग में खेलने की संभावना है।

## स्टीव वॉ ने टेस्ट क्रिकेट को तवज्जो नहीं देने के लिए आईसीसी और शीर्ष क्रिकेट बोर्ड को लताड़ा

**दर्पण न्यूज सर्विस**
सिडनी



आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ ने टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता नहीं देने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सहित दुनिया के शीर्ष क्रिकेट बोर्डों की कड़ी आलोचना की है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने अपनी टी20 लीग को प्राथमिकता देते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले महीने होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए कमजोर टीम का चयन किया है। उसने नया कप्तान चुना है और उसकी टीम में सात ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने अभी तक अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है।

वॉ ने दक्षिण अफ्रीका के इस फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए अन्य क्रिकेट बोर्ड और आईसीसी पर भी निशाना साधा। वॉ ने सिडनी मार्निंग हेराल्ड से कहा, 'निश्चित तौर पर उन्हें (टेस्ट क्रिकेट की) कोई परवाह नहीं है। अगर दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को स्वदेश में रखकर भविष्य के लिए कोई संकेत दे रहा है तो फिर ऐसा होने वाला है।' उन्होंने कहा, 'अगर मैं न्यूजीलैंड की जगह होता तो मैं श्रृंखला में नहीं खेलता। मैं नहीं जानता कि वह क्यों खेल रहे हैं। अगर आप न्यूजीलैंड क्रिकेट के प्रति सम्मान नहीं दिखाते तो फिर खेलने का क्या मतलब।' वॉ ने कहा, 'क्या यह टेस्ट क्रिकेट के समाप्त होने का निर्णायक क्षण है। निश्चित तौर पर आईसीसी तथा भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट बोर्ड को खेल के इस विशुद्ध प्रारूप को बचाने के लिए प्रयास करने चाहिए।' ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा, 'इतिहास और परंपरा भी अपना महत्व रखती हैं। अगर हमने कोई कदम नहीं उठाया और मुनाफा हासिल करने को ही अपना मानदंड माना, तो (सर डॉन) ब्रैडमैन, (डब्ल्यूजी) ग्रेस और (सर गारफील्ड) सोबर्स की विरासत अप्रासंगिक हो जाएगी।'

## रबादा की शानदार तकनीक उन्हें विशेष गेंदबाज बनाती है: डोनाल्ड

**केपटाउन।** पूर्व महान तेज गेंदबाज एलेन डोनाल्ड का मानना है कि कागिसो रबादा की भूख और गेंद को फेंकने की उनकी बेजोड़ तकनीक उन्हें दक्षिण अफ्रीका का आधुनिक युग का महान गेंदबाज बनाती है। रबादा क्यों विशेष गेंदबाज हैं इसके बारे में विस्तार से बताते हुए डोनाल्ड ने कहा कि रबादा का कूल्हा भाला फेंक के खिलाड़ी की तरह घूमता है जिससे उन्हें अतिरिक्त गति मिलती है। डोनाल्ड ने कहा कि रबादा की गेंदबाजी शैली अतीत के महान गेंदबाजों की तरह है। दक्षिण अफ्रीका के लिए 61 मैच खेलने वाले 28 साल के रबादा 300 टेस्ट विकेट के आंकड़े से सिर्फ 13 विकेट दूर हैं। पूर्व तेज गेंदबाज और अब कोच डोनाल्ड ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा, 'कौशल एक चीज है लेकिन उसमें गेंद को बल्लेबाज से दूर ले जाने की शानदार क्षमता है। उसने पहले टेस्ट मैच में बेहतरीन गेंदों पर कुछ शानदार विकेट हासिल किए।' सेंचुरियन में श्रृंखला के शुरूआती मैच में रबादा ने सात विकेट लिए जिसमें भारत की पहली पारी में पांच विकेट भी शामिल हैं।

## बर्गर जैसी गेंदबाजी के खिलाफ किया कोहली ने अभ्यास, शॉर्ट गेंदबाजी का सामना किया अय्यर ने

**दर्पण न्यूज सर्विस**
केपटाउन



भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर की शैली की गेंदबाजी का सामना करते हुए काफी आश्वस्त दिखे जबकि सोमवार को यहां नेट्स पर शॉर्ट गेंद के खिलाफ श्रेयस अय्यर एक बार फिर मुश्किल में नजर आए। नए साल के दिन कोहली ने नेट सत्र के दौरान जमकर पसीना बहाया और लगभग एक घंटे तक अभ्यास किया। नेट पर गेंदबाजों का सामना करने के बाद कोहली ने लगभग 20 से 25 मिनट तक थ्रोडाउन का सामना किया। कोहली को नेट्स पर विशेष तरह का अभ्यास करने के उद्देश्य के साथ उतरने के लिए जाना जाता है और सोमवार को वह बाएं हाथ की तेज गेंदबाजी के खिलाफ बल्लेबाजी का अभ्यास कर रहे थे। भारतीय टीम में बाएं हाथ का कोई तेज गेंदबाज नहीं है इसलिए एक नेट गेंदबाज को बुलाया गया और कोहली ने उसकी 25 से 30 गेंदों का सामना किया जबकि बीच में उन्होंने जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, रविचंद्रन अश्विन और आवेश खान के खिलाफ भी अभ्यास किया। कोहली क्रीज पर लगातार पैर बाहर निकालकर खेल रहे थे और बीच-बीच में उन्हें आगे बढ़कर मिड विकेट पर शॉट भी लगाए। हालांकि यहां एकमात्र समस्या यह थी कि क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने जो तेज गेंदबाज मुहैया कराया था उसकी गति बर्गर की तुलना में कम से कम 15 किमी प्रति घंटा कम थी। बर्गर ने सेंचुरियन में शुरूआती टेस्ट में सात विकेट लिए थे। नेट गेंदबाज की गति में कमी के कारण कोहली को इनस्विंग को समझने और फिर आगे बढ़कर मिड विकेट पर शॉट खेलने में समस्या नहीं हुई।

## नडाल ने की वापसी, युगल मैच में मिली हार

**नई दिल्ली।** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने लगभग एक साल के बाद प्रोफेशनल टेनिस में वापसी कर ली है। वह चोट के चलते पिछले एक साल से इस खेल से दूर थे। उन्हें जनवरी 2023 में कूल्हे में चोट लगी थी और इससे उबरने में उन्हें लंबा वक्त लग गया। इंजरी के बाद वह पहली बार ब्रिसबेन इंटरनेशनल टूनार्मेंट में खेलने आए। हालांकि वह पुरुष युगल के मुकाबले में हार गए। वह 14 जनवरी से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारियों में जुटे हुए हैं। नडाल और उनके जोड़ीदार मार्क लोपेज को ऑस्ट्रेलिया के मैक्स परसेल और जॉर्डन थॉम्पसन ने 6-4, 6-4 से हरा दिया। जॉर्डन ने नडाल की वापसी पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि राफेल को वापस कोर्ट पर देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। मैं एकल में कई बार हार चुका हूं, इसलिए उन्हें युगल के कोर्ट में हराकर मुझे अच्छा लगा।

## हम ऑस्ट्रेलिया का विजय रथ जल्द से जल्द रोकने का प्रयास करेंगे: दीप्ति शर्मा

**दर्पण न्यूज सर्विस**
मुंबई



भारतीय महिला टीम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पिछले 16 साल से ऑस्ट्रेलिया को अपने घरेलू मैदान पर नहीं हरा पाई है लेकिन ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा ने सोमवार को कहा कि उनकी टीम अपने इस प्रतिद्वंद्वी के विजय अभियान पर रोक लगाने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत ने घरेलू धरती पर ऑस्ट्रेलिया से लगातार नौ वनडे मैच गंवाए हैं जिनमें वर्तमान श्रृंखला के पहले दो मैच भी शामिल है। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को वनडे में आखिरी बार अपने मैदान पर 23 फरवरी 2007 को चेन्नई में हराया था। दीप्ति ने तीसरे और अंतिम वनडे मैच की पूर्व संध्या पर संवाददाताओं से कहा, 'जीत और हार खेल का हिस्सा हैं, लेकिन एक टीम के रूप में हमने काफी सुधार किया है फिर चाहे वह गेंदबाजी हो या बल्लेबाजी। हम जल्द से जल्द उनका विजय अभियान थामने का प्रयास करेंगे।' उन्होंने कहा, 'हमारी टीम में बहुत सुधार हुआ है। इससे पहले जब भी हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलते थे तो मैच इतने करीबी नहीं होते थे। पिछले मैच में यह हमारे लिए सकारात्मक पहलू रहा कि हम मैच को आखिर तक ले गए।' दीप्ति ने कहा कि टीम पिछले मैच के सकारात्मक पहलुओं के साथ अगले मैच में उतरेगी। उन्होंने कहा, 'हमने गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया। स्पिनर और तेज गेंदबाजों ने उन्हें बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया। बल्लेबाजों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। बीच के ओवरों में बल्लेबाजों ने अच्छी साझेदारियां निभाई।'



# अक्षय-टाइगर ने नए साल पर दिया खास तोहफा, 'बड़े मियां छोटे मियां' से नया लुक हुआ जारी



बॉलीवुड खिलाड़ी यानी कि अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' जल्द ही बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। इस फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित इस फिल्म का टीजर गणतंत्र दिवस के दौरान रिलीज किया जाएगा। फिल्म का टीजर देखने के लिए दर्शक जितने उत्सुक है, उससे ज्यादा फिल्म की टीम इस टीजर को रिलीज करने के उत्सुक हैं। अब साल की शुरूआत में ही अक्षय और टाइगर ने फैंस को खास तोहफा दिया है और फिल्म से नया लुक जारी किया है। जैसे ही नए साल की शुरूआत हुई पैन इंडिया फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' की बहुप्रतीक्षित घोषणा से उत्साहित प्रशंसकों ने उत्साह के साथ 2023 का स्वागत किया। बॉलीवुड की सबसे शानदार एक्शन जोड़ी, अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ को पहली बार स्क्रीन साझा करते हुए देखा जाएगा।

साल की शुरूआत करने के लिए अभिनेताओं और फिल्म के निमार्ताओं सोशल मीडिया का रुख किया और फिल्म की एक झलक साझा करते हुए फैंस को नए साल की शुभकामनाएं भी दी। अक्षय और टाइर ने इन तस्वीरों को साझा करते हुए लिखा, आपका नया साल बड़ा बने, छोटी छोटी खुशियों से बड़े मियां छोटे मियां की ओर से नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं। सिनेमाघरों में हमसे मिलने के लिए #प्र2024 को ब्लॉक करना न भूलें। आइए 2024 में धूम मचाएं! अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ स्टारर 'बड़े मियां छोटे मियां' 2024 ईद के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इससे पहले करीब 75 दिन फिल्म का प्रमोशन किया जाएगा। यह एक्शन, कॉमेडी, ड्रामा, संगीत और थ्रिल के साथ एक बड़ी फिल्म है। फिल्म के निमार्ता त्योहारी रिलीज के सभी पहलुओं के साथ बड़े पैमाने पर काम करेंगे।

अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित इस फिल्म को उन्होंने ही लिखा है। वहीं, वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी, हिमांशु किशन मेहरा और अली अब्बास जफर ने फिल्म को निर्मित किया है। यह फिल्म ईद 2024 के दौरान पांच भाषाओं में रिलीज होने के लिए तैयार है।

## डॉक्टरों ने श्रेयस को दी शूटिंग शुरू करने की इजाजत, 'वेलकम टू द जंगल' से इस फिल्म का श्रीगणेश

अभिनेता श्रेयस तलपड़े इन दिनों डॉक्टर की सलाह पर आराम कर रहे हैं। लेकिन जल्द ही वह शूटिंग पर वापस लौटने वाले हैं। अक्षय कुमार की फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' की शूटिंग से वापस आते समय उनकी तबीयत खराब हुई और उनकी पत्नी दीप्ति ने उन्हें आनन-फानन अस्पताल में पहुंचाया, जहां एंजियोप्लास्टी के बाद उनकी तबियत ठीक है। डॉक्टरों ने उन्हें 12 फरवरी के बाद शूटिंग शुरू करने की इजाजत दे दी है। माना जा रहा था कि तबीयत ठीक होने के बाद श्रेयस तलपड़ फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' की शूटिंग करेंगे। लेकिन इस फिल्म से पहले वह एक नई फिल्म की शूटिंग करने जा रहे हैं। मिली जानकारी के मुताबिक अब अक्षय कुमार की डेट मिलने के बाद ही 'वेलकम टू द जंगल' की शूटिंग शुरू करेंगे। इस बीच निमार्ता अनंत कुमार गुप्ता ने अपनी एक नई फिल्म की शूटिंग की तैयारी शुरू कर दी, जिसमे श्रेयस तलपडे लीड भूमिका निभाने जा रहे हैं।

अभिनेता श्रेयस तलपड़े 27 फरवरी से इंदौर में फिल्म 'नया दौर' की शूटिंग करने जा रहे हैं। इस फिल्म के लिए इंदौर में बहुत बड़ा सेट लगाया जा रहा है। फिल्म के कला निर्देशक लीलाधर सावंत कल मंगलवार को इंदौर अपनी टीम के साथ निकल रहे हैं और वहां एक महीने तक फिल्म के सेट का निर्माण करेंगे। इस फिल्म की शूटिंग 27 फरवरी से एक महीने तक लगातार इंदौर में ही चलेगी। फिल्म 'नया दौर' का निर्देशन कर रहे रविन्द्र राम पाटिल कहते हैं, 'श्रेयस तलपड़े अब पूरी तरह से स्वस्थ हैं लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें 12 फरवरी तक आराम करने की सलाह दी है। हमने शूटिंग शेड्यूल की तैयारी श्रेयस तलपडे ने जैसा कहा, उसी हिसाब से की है। मुझे भी लग रहा था कि श्रेयस पहले 'वेलकम टू द जंगल' की शूटिंग करेंगे, लेकिन जैसे ही मुझे पता चला कि अक्षय कुमार के डेट्स की वजह से अब फिल्म की शूटिंग आगे बढ़ गई। मैंने अपनी फिल्म के लिए बात की और श्रेयस ने काम करने की हरी झंडी दे दी।' फिल्म 'नया दौर' में श्रेयस तलपड़े के अलावा अन्नू कपूर और प्रणव वत्स की मुख्य भूमिकाएं हैं। इस फिल्म में तीन गाने हैं, जिसके संगीत की रचना अमित त्रिवेदी और विशाल मिश्रा ने किया है। फिल्म के निर्देशक रविन्द्र राम कहते हैं, 'इस फिल्म का विषय बहुत ही यूनिक और सोशल ड्रामा पर आधारित है। इंदौर के अलावा इस फिल्म के कुछ हिस्सों की शूटिंग लंदन में की जाएगी।'



## जूनियर एनटीआर ने फैंस को दी नए साल की बधाई, 'देवरा' के नए पोस्टर के साथ किया टीजर की रिलीज डेट का एलान



साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर इन दिनों अपनी फिल्म 'देवरा' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। फैंस बेसब्री से फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। वहीं अब फैंस के उत्साह को बढ़ने के लिए फिल्म के टीजर को लेकर नई जानकारी सामने आई है। नए साल के मौके पर जूनियर एनटीआर ने फैंस को तोहफा दिया और 'देवरा' के टीजर की रिलीज की तारीख की घोषणा कर दी। एक जनवरी, सोमवार को जूनियर एनटीआर ने अपने एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर एक साझा किया और बताया कि 'देवरा' की पहली झलक 8 जनवरी, 2024 को जारी की जाएगी। उन्होंने लिखा, '8 जनवरी को देवरा की झलक का अनुभव करने के लिए आप सभी का इंतजार नहीं कर सकता।' इसके साथ ही अभिनेता अपने प्रशंसकों को नए साल की शुभकामनाएं भी दीं और लिखा, 'आप सभी को नए साल की बधाई।' टीजर की घोषणा के साथ जूनियर एनटीआर ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म का एक नया पोस्टर भी साझा किया। पोस्टर में वे समुद्र के बीच नाव पर खड़े नजर आ रहे थे। उन्होंने काली पैंट के साथ शर्ट भी पहन रखी थी। ऐसा लगा रहा था कि तूफान से टकराने के लिए जूनियर एनटीआर पूरी तरह से तैयार हैं। 'देवरा' के जरिए जूनियर एनटीआर ब्लॉकबस्टर हिट 'जनता गैराज' के प्रतिभाशाली फिल्म निमार्ता कोराताला शिवा के साथ फिर से जुड़े हैं। 'देवरा' जान्हवी कपूर की दक्षिण फिल्मों में पहली फिल्म और जूनियर एनटीआर के साथ उनका पहला सहयोग है। 'आरआरआर' की तरह इस तेलुगु फिल्म में हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस होंगे, जो दर्शकों के होश उड़ा देंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, देवरा को भारी बजट पर बनाया जा रहा है। कथित तौर पर निमार्ता इसके वीएफएक्स पर 140 करोड़ रुपये खर्च कर रहे हैं। 'देवरा' जूनियर एनटीआर की 30वीं फिल्म भी है। कथित तौर पर अभिनेता इस फिल्म में पिता और पुत्र दोनों का किरदार पर्दे पर निभाएंगे। फिल्म में सैफ अली खान और राम्या कृष्णा जैसे अन्य कलाकार भी होंगे। ऐसी खबरें हैं कि अभिनेत्री चैत्रा राय स्टार कास्ट में शामिल होंगी। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। 'देवरा' का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है। संगीत रचना अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा की जाएगी। यह फिल्म पांच अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### मनोज बाजपेयी का शॉकिंग ट्रांसफॉर्मेशन



हिंदी सिनेमा के उम्दा कलाकारों में शामिल मनोज बाजपेयी नए साल में एक नए लुक के साथ धमाल मचा दिया है। नए साल के मौके पर मनोज सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। इसकी वजह उनका ट्रांसफॉर्मेशन है। 54 साल के मनोज बाजपेयी ने ऐसी बॉडी बनाई है, जिसे देख उनके चाहने वाले भी हैरान रह गए हैं। अभिनेता ने 1 जनवरी 2024 को फोटो शेयर कर हर किसी को चौंका दिया। शर्टलेस लुक में मनोज के किलर एब्स देखने लायक थे। उन्होंने साबित कर दिया है कि वह अब भी यंग स्टार्स को अपनी एब्स से मात दे सकते हैं। मनोज बाजपेयी ने सोमवार को इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी फोटो शेयर की। तस्वीर में 'सत्या' एक्टर कैमरे के सामने शर्टलेस होकर पोज देते हुए नजर आए। एक्टर ने अपने किलर एब्स भी फ्लॉन्ट किए। फोटो शेयर करते ही मनोज बाजपेयी सोशल मीडिया पर छा गए। मनोज बाजपेयी ने शर्टलेस फोटो शेयर करते हुए अपनी फिटनेस का राज भी खोला है। उन्होंने बताया है कि वह कौन सी चीज है, जिसे खाकर अभिनेता ने इतनी शानदार बॉडी बनाई है। कैप्शन में मनोज ने लिखा, 'नया साल नया मैं। देखो स्वादिष्ट सूप का मेरी बॉडी पर असर। एकदम किलर लुक है ना?' मनोज बाजपेयी के इस ट्रांसफॉर्मेशन से फैंस और सेलिब्रिटीज हैरान हैं। एक्टर मोहित डग्गा ने कहा, 'थू, थू, थू, नजर न लगे। प्रणाम गुरुदेव को।' अपारशक्ति खुराना ने कहा, 'वाह।' अनुराग कश्यप ने मनोज को 'छुपा रुस्तम' बताया। इसके अलावा फैंस भी मनोज बाजपेयी की तारीफें कर रहे हैं। एक यूजर ने कहा, 'मेरा न्यू ईयर रिजोल्यूशन है कि मैं मनोज की तरह वजन घटाऊं।' एक ने कहा, 'सर जी एक नंबर ट्रांसफॉर्मेशन किया है।'

# गांव अभयपुर में नई सीवरेज पाईपलाईन डालने का कार्य शीघ्र होगा शुरू: गुप्ता

## हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ने पंचकूलावासियों को दिया नववर्ष का तोहफा




- निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नई पाईपलाईन की करी जाएगी व्यवस्था
- गुप्ता ने अभयपुर स्थित गुरूद्वारा साहिब में शैड की व्यवस्था करने के लिए अपने स्वैच्छिक कोष से 1 लाख 11 हजार रुपए की राशि देने की करी घोषणा
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाले रथ के द्वारा केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर घर तक पहुचाया जा रहा है: गुप्ता

भुपेंद्र शर्मा
पंचकूला (दर्पण न्यूज सर्विस)

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ने पंचकूलावासियों विशेषकर गांव अभयपुर के लोगों को नववर्ष का तोहफा देते हुए घोषणा की कि अभयपुर में नई सीवरेज पाईपलाईन डालने का कार्य शीघ्र ही शुरू किया जाएगा।इससे लोगों को सीवरेज ब्लॉक होने की समस्या से निजात मिलेगी, वही गंदे पानी से पनपने वाली बीमारियों की भी रोकथाम होगी। इसके अलावा घरों में निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नई पाईपलाईन की व्यवस्था की जाएगी। उन्होने अभयपुर स्थित गुरूद्वारा साहिब में शैड की व्यवस्था करने के लिए अपने स्वैच्छिक कोष से 1 लाख 11 हजार रुपए की राशि देने की घोषणा भी की। गुप्ता रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के तहत अभयपुर सैक्टर 19 के राजकीय प्राईमरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।इस अवसर पर नगर निगम महापौर कुलभूषण गोयल और अतिरिक्त उपायुक्त वर्षा खागंवाल भी उपस्थित रहे। इससे पूर्व गुप्ता ने रिबन काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और एलईडी वैन के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं पर आधारित लघु फिल्म( डाक्यूमैंट्री ) देखी। उन्होने हरियाणा सरकार के वर्ष 2024 के कैलेंडर का विमोचन भी किया। नगर निगम आयुक्त सचिन गुप्ता, संयुक्त आयुक्त रिचा राठी, सीओ जिला परिषद गगनदीप सिंह, उप नगर निगम आयुक्त अपूर्व चैधरी, जिला उपाध्यक्ष उमेश सूद, मंडल अध्यक्ष संदीप यादव, पार्षद हरेंद्र मलिक, सोनिया सूद, जय कौशिक, राजेश निषाद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अभयपुर में विकाय कार्य होगें प्राथमिकता के आधार पर पूरे

इस अवसर पर संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाले इस रथ के द्वारा केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर घर तक पहुचाया जा रहा है ताकि कोई भी लाभार्थी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहें। उन्होने कहा कि अभयपुर में अब तक साढे सात करोड रुपए से अधिक के विकास कार्य पूरे हो चुके है। उन्होने विश्वास दिलाते हुए कहा कि सीवरेज पाईपलाईन बदलने, पीने की नई पाईपलाईन की व्यवस्था, सुरक्षा के उदेश्य से सीसीटीवी लगाने, आशियाना और अभयपुर मार्किट की दीवार उंची करने, अभयपुर में सामुदायिक केंद का निर्माण, अभयपुर के सभी प्रवेश द्वारों पर एंट्री गेट लगाए जाने संबधी मागों पर सहानुभुतिपूर्वक विचार करते हुए इन्हे पूरा किया जाएगा। उन्होने कहा कि आशियाना फेस- 1 पंचकूला में मजदूर वर्ग से जुडे लोगों के परिवार पहचान पत्र में आ रही त्रुटियों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाया जाएगा ताकि वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें।

### दस्तावेज सत्यापन कर मौके पर ही दिया जाए योजनाओं का लाभ

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि पिछले लगभग 10 वर्षो में सरकार द्वारा गरीब कल्याण की अनेक योजनाएं शुरू की गई है। इन योजनाओं का लाभ सभी पात्र लाभार्थियों को मिले इसी उदेश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के माध्यम से लोगों के घर द्वार पर संबेधित विभागों द्वारा योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। गुप्ता ने राजकीय प्राईमरी स्कूल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का निरिक्षण किया और निर्देश दिए कि आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन कर मौके पर ही लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिया जाए ताकि उन्हें कार्यालयों में जाने की आवश्यकता न पडे।

### दस लोगों को मिले आयुष्मान कार्ड, 25 को जल्द मिलेगा निशुल्क गैस सिलेंडर और चूल्हा

इस मौके पर 10 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। इसके अलावा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत 25 लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया जिन्हें जल्द ही गैस सिलेंडर और चुल्हा उपलब्ध करवाया जाएगा। इस मौके पर 252 लोगों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। इस अवसर पर गुप्ता ने उपस्थित लोगों को वर्ष 2047 तक भारत को विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने की शपथ दिलवाई। स्कूली बच्चों द्वारा शानदार स्वागत गीत भी प्रस्तुत किया गया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद पंहुची मोरनी के गांव भूढी

- परिवार पहचान पत्र के माध्यम से सरकारी सेवाओं और योजनाओं को ऑनलाइन कर देने से इनका लाभ लोगों को घर-द्वार पर ही मिल रहा: ओमप्रकाश देवीनगर



दर्पण न्यूज सर्विस
पंचकूला

हरियाणा शिवालिक विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश देवीनगर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समावेशी विकास की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून-व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के उत्थान और अंत्योदय को हासिल करने के लिए कई अनूठी स्कीमें शुरू की हैं और ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं।

ओमप्रकाश देवीनगर रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के मोरनी के गांव भूढी पंहुचने पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। विकसित भारत संकल्प यात्रा का गांव भूढी पंहुचने पर सरपंच कमला देवी व अन्य मौजिज व्यक्तियों ने भव्य स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आईटी का बड़े पैमाने पर प्रयोग करके व्यवस्था परिवर्तन का काम किया है, जिससे भाई-भतीजावाद, भ्रष्टाचार व क्षेत्रवाद पर अंकुश लगा है।

परिवार पहचान पत्र के माध्यम से सरकारी सेवाओं और योजनाओं को ऑनलाइन कर देने से इनका लाभ लोगों को घर-द्वार पर ही मिल रहा है। अब गरीब का हक कोई छिन नहीं सकता। उन्होंने कहा कि पहले उन परिवारों को बी.पी.एल. में शामिल किया गया था जिनकी वार्षिक आय 1 लाख 20 हजार रुपये से कम थी। सरकार ने यह आय सीमा बढ़ाकर 1 लाख 80 हजार रुपये वार्षिक कर दी।

इससे 20 लाख नए परिवार बी.पी.एल. में आ गए हैं। गरीब लोग धन के अभाव में उपचार से वंचित न रहें, इसके लिए आयुष्मान भारत-चिरायु योजना चलाई जा रही है। इसमें अंत्योदय परिवार को 5 लाख रुपये तक का सालाना मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जाता है। इस अवसर पर उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले स्कूली बच्चों और योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। इसके पश्चात विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद मोरनी खंड के गांव भोज ढारती में प्रवेश कर गई।

## नववर्ष की खुशी में सफाई कर्मचारियों को उपहार बांटे



**चंडीगढ़।** नववर्ष 2024 के उपलक्ष्य पर गुग्गा जाहर वीर शोभा यात्रा कमेटी, चण्डीगढ़ ने आज सफाई कर्मचारियों को गर्म कपडे व शालें बांटे गए। आयोजक कमेटी के अध्यक्ष संदीप प्रधान ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मेयर एवं पूर्व भाजपा अध्यक्ष अरुण सूद एवं मनोनीत पार्षद उमेश घई ने नगर निगम में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को अपने हाथों से ये उपहार वितरित किए। इस अवसर पर कर्मचारी यूनियन के पूर्व अध्यक्ष शाम लाल घावरी भी मौजूद रहे। परशुराम भवन, सेक्टर 37-चंडीगढ़ के सामने स्थित ग्रीन पार्क में आयोजित इस कार्यक्रम में कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य चीफ पैटर्न विजेंद्र कश्यप, भाई कुलदीप प्रिंस, साहिल, मदन गोपाल लाल, मुख्य सलाहकार गुलशन वर्मा, प्रेस प्रवक्ता पंडित अनुराधा आदि भी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त-समाचार

### जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक अग्रिम आदेशों तक स्थगित

**पंचकूला।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारित राज्यमंत्री ओम प्रकाश यादव की अध्यक्षता में 3 जनवरी 2024 को बाद दोपहर 3 बजे हरियाणा लोक निर्माण विश्राम ग्रह सेक्टर-1 पंचकूला के समिति कक्ष में आयोजित होने वाली जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक अग्रिम आदेशों तक स्थगित कर दी गई है।

### हरियाणा की सिविल सेवा क्रिकेट टीम ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**पंचकूला।** हरियाणा की सिविल सेवा क्रिकेट टीम ने नई दिल्ली में 15 दिसंबर से 21 दिसंबर 2023 तक आयोजित प्रतियोगिता में टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। टीम के बेहतरीन प्रदर्शन में पंचकूला के सज्जन कुमार हुड्डा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सज्जन कुमार हुड्डा जिला कार्यालय में एडब्ल्यूबीएन के पद पर कार्यरत है। अखिल भारतीय सिविल सेवा प्रतियोगिता 2023-24 के लिए हरियाणा की सिविल सेवा क्रिकेट टीम में जिला पंचकूला से एक मात्र सज्जन कुमार हुड्डा का चयन हुआ। हरियाणा की सिविल सेवा क्रिकेट टीम ने पहली बार अखिल भारतीय सिविल सेवा प्रतियोगिता में पदक हासिल किया है। कार्यालय पंहचने पर सज्जन कुमार हुड्डा का जिला प्रशासन की ओर से भव्य स्वागत किया गया। उपायुक्त सुशील सारवान ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर नगराधीश राजेश पूनिया, जिला राजस्व अधिकारी कुलदीप सिंह, तहसीलदार पुण्यदीप शर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### कोहरे के साथ आया नव वर्ष 2024, तापमान में गिरावट से कंपकपाया चंडीगढ़

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में नए साल का स्वागत कोहरे के साथ हुआ। रविवार का दिन सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा था। अधिकतम तापमान में सात डिग्री की गिरावट दर्ज की गई जिससे पूरा दिन लोग कांपते रहे। चंडीगढ़ मौसम केंद्र ने अगले दो-तीन दिनों के लिए घने कोहरे का रेड अलर्ट जारी किया है। इस दौरान सुबह के समय विजिबिलटी बेहद कम रहेगी। रविवार को सुबह और दिन में सर्द हवाएं चलीं। पिछले चार दिन से सुबह और रात के समय शहर घने कोहरे की चपेट में नजर आ रहा है। सर्द हवाओं से राहत पाने के लिए लोगों ने अलाव का सहारा लिया। शनिवार की अपेक्षा रविवार को अधिकतम तापमान में करीब तीन डिग्री की गिरावट हुई है। इससे सर्दी बढ़ गई है। कोहरे के कारण सुबह के समय वाहन चालकों को काफी परेशानी हुई। अब अगले दो दिन तापमान स्थिर रहेगा लेकिन कोहरा बढ़ेगा। मध्यम से घने कोहरे की चेतावनी जारी की गई है। इसके बाद पश्चिमी विक्षोभ की वजह से हल्के बादल छा सकते हैं। हालांकि बारिश की संभावना नहीं है। इस दौरान न्यूनतम तापमान आठ से 10 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहेगा। रविवार को छुट्टी का दिन होने की वजह से कड़ाके की सर्दी में ही सुखना लेक और रॉक गार्डन पहुंचे।

### एलांते मॉल में एप्पल के शोरूम से करीब आधा दर्जन मोबाइल फोन चोरी

**चंडीगढ़।** एलांते मॉल में बने एप्पल के शोरूम में से करीब आधा दर्जन फोन चोरी हो गए। सेक्टर- 32 की एक महिला ने पुलिस को शिकायत दी में बताया कि मॉल की दूसरी मंजिल पर यह शोरूम बना है। बीते 30 दिसंबर को यह वारदात हुई। औद्योगिक क्षेत्र फेज- 1 थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। वही, एक अन्य मामले में सेक्टर-45ए की महिला ने कहा कि बीते 30 दिसंबर को कोई उनके घर से चांदी की पायल और एक गैस सिलिंडर चोरी कर ले गया। सेक्टर- 34 थाना पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

### महिला एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर 11.26 लाख ठगे

**चंडीगढ़।** साइबर अपराध थाने में ऑनलाइन ठगी के दो मामले दर्ज किए गए हैं। पहले मामले में अज्ञात आरोपी ने सेक्टर 35 निवासी को टेलीग्राम पर 11.26 लाख रुपये की चपत लगा दी। वहीं, दूसरे मामले में एक आरोपी ने भारतीय सेना का जवान बनकर 91 हजार रुपये ठग लिए। सेक्टर 35बी के त्रिलोचन सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि एक आरोपी ने खुद को रॉयल एस्कॉर्ट सर्विस एजेंसी का कर्मी बताया और 11 लाख 26 हजार 515 रुपये की चपत लगा दी। आरोपियों ने टेलीग्राम के जरिए इस वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के मुताबिक पहले मामले में महिला एस्कॉर्ट की सेवा देने के नाम पर यह ठगी हुई। ठगों ने शिकायतकर्ता से रकम वसूल ली और सेवा नहीं दी और न ही रकम वापस की। शिकायतकर्ता मई, 2023 में महिला एस्कॉर्ट की सेवा के लिए इस फर्जी एजेंसी के जाल में फंस गए। उनसे पंजीकरण शुल्क, बुकिंग कोड शुल्क, बुकिंग कोड सत्यापन शुल्क, सुरक्षा शुल्क, सुरक्षा कोड सत्यापन शुल्क, पुलिस सत्यापन शुल्क, गोपनीयता शुल्क, जीएसटी शुल्क आदि के नाम पर ठग रकम ऐंठते गए। खुद को ठगों के जाल में फंसा पाकर शिकायतकर्ता ने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश रचने की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।इसी तरह दूसरे मामले में सेक्टर 44सी के डा. जयंती सिंह ने दायर शिकायत में कहा है कि किसी ने खुद को भारतीय सेना का कर्मी बताया और कहा कि वह चंडीमंदिर कैंट से बोल रहा है। उसने 91 हजार रुपये की ठगी कर ली। आर्मी जवानों की कंसल्टेशन के नाम पर यह ऑनलाइन ठगी की गई। जानकारी के मुताबिक 95 आर्मी जवानों को कंसल्ट करने का झांसा देकर ठगी की गई। ठग ने अपना नाम सतीश बताया और पहचान पत्र की फोटो तक डाक्टर को भेजी थी। रुपये ठगने के बाद डॉक्टर का फोन उठाना बंद कर दिया। शिकायतकर्ता एक निजी अस्पताल में त्वचा रोग विशेषज्ञ के रूप में कार्यरत हैं। उन्हें सतीश कुमार का फोन आया। उसने खुद को भारतीय सेना का जवान बताया। अपनी पोस्टिंग उसने चंडीमंदिर की बताई। सतीश ने कहा कि 95 सैन्य कर्मियों को कंसल्ट करना है। जिसके लिए उसने फीस की जानकारी हासिल की। सतीश ने फोन कर कहा कि कंसल्ट के लिए मंजूरी मिल गई है। सेना सुरक्षा कारणों से उसने वीडियो कॉल की। इसी दौरान वीडियो कॉल पर ही शिकायतकर्ता से पेटीएम खुलवाया और बेहद चालाकी से शिकायतकर्ता को 45-45 हजार रुपये की ट्रांजेक्शन करने के नाम पर उल्टा उसके ही खाते से कुल 91 हजार रुपये निकाल लिए।

## हजारों साईं भक्तों ने साईं धाम मंदिर में बाबा के साथ किया नव वर्ष का स्वागत



**चंडीगढ़।** होटलों व क्लबों के साथ-साथ चण्डीगढ़ के कई मंदिरों ने भी नववर्ष 2024 के स्वागत को तैयारियां कर रखी हुई थीं। इसी सिलसिले में सेक्टर 29 स्थित श्री साईं मंदिर में नववर्ष की पूर्व संध्या को रात आठ बजे से लेकर 2024 के शुभारम्भ तक प्रख्यात सूफी भजन गायक जॉनी सूफी ने श्रद्धालुओं के संग भजन-कीर्तन किया व मध्यरात्रि के 12 बजे बजते ही गायक कलाकार ने भक्तों के जोश व खुशी को चरम तक पहुंचा दिया व साईं भक्तों ने भजनों के साथ जोशोखरोश के साथ नववर्ष का सुस्वागत किया। इसके अलावा केक भी काटा गया व आतिशबाजी की गई। श्रद्धालुओं ने ढेरों ढेर केक बाबा को अर्पित किए जिनका भोग लगा कर लंबी लाइन में लगे हुए भक्तों में प्रसाद के तौर पर वितरित किया गया। तत्पश्चात नए साल के कैलेंडर का विमोचन कर भक्तों को बांटे गए। इससे पहले रात्रि आठ बजे से अटूट भंडारा भी बरताया गया।

## पीजीजीसी फॉर गर्ल्स-42 में महिला सशक्तिकरण पर लेक्चर आयोजित



दर्पण न्यूज सर्विस
चंडीगढ़

पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स, सेक्टर-42, चण्डीगढ़ की एनएसएस इकाई के सात दिवसीय एनएसएस शिविर में महिला सशक्तिकरण पर 13 वीं बटालियन, सीआरपीएफ की कमाण्डेन्ट कमल सिसोदिया को लेक्चर हेतु आमंत्रित किया गया था जिसमें उन्होंने कहा कि लड़किया किसी भी मामले में लड़कों सी कमतर नहीं हैं, अपितु कई क्षेत्रों में वे उनसे बढ़कर ही हैं। उन्होंने कहा कि सृष्टि के निर्माण में स्त्री का भी उतना ही सहयोग है जितना कि पुरुष का। उन्होंने कहा कि यदि किसी समाज की प्रगति के बारे में सही-सही जानना है तो उस समाज की स्त्रियों की स्थिति के बारे में जानना चाहिए। कोई समाज कितना मजबूत हो सकता है, इसका अंदाजा इस बात से इसलिए लगाया जा सकता है क्योंकि स्त्रियाँ किसी भी समाज की आधी आबादी हैं। बिना इन्हें साथ लिए कोई भी समाज अपनी संपूर्णता में बेहतर नहीं कर सकता है। कमाण्डेन्ट द्वारा महिला सशक्तिकरण पर बेहद ही प्रभावशाली वक्तव्य के साथ साथ उन्होंने महिलाओं के अधिकारों के विषय में नियम व कानून की जानकारी भी प्रदान की। इस अवसर पर कमाण्डेन्ट को रोट्रैक्ट क्लब एवं कॉलेज प्रबंधन की तरफ से महिला गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इस मौके पर कॉलेज की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ निशा अग्रवाल, एनएसएस इन्चार्ज डॉ. मेहर चन्द्र व रोट्रैक्ट क्लब के अध्यक्ष रिशभ इत्यादि भी मौजूद रहे।

## शहीदी जोड़ दिवस की याद में गुरु का लंगर लगाया



**मोहाली।** गुरुद्वारा साहिब, कंडाला, मोहाली में ग्राम वासियों द्वारा शहीदी जोड़ दिवस की याद में गुरु का लंगर लगाया। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब कंडाला के प्रधान ज्ञानी जोगिंदर सिंह, बलजिंदर सिंह, गुरलाल सिंह, हनी, धर्मिंदर, प्रीत धनोवा, जसबीर सिंह, मास्टर कुलविंदर सिंह जस्सी, राहुल, शंटी, सवर्ण सिंह लंगर इंचार्ज सहित समस्त ग्राम वासियों ने अरदास में शामिल होकर शहीदी जोड़ दिवस पर छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह की अतुल्य शहादत को याद किया। प्रधान ने बताया कि गुरुद्वारा साहिब, कंडाला के सभी सदस्यों और समस्त ग्राम वासियों की तरफ से पिछले कई वर्षो से शहीदी जोड़ दिवस की याद में छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह बाबा फतेह सिंह की अतुल्य शहादत को नमन कर गुरु का लंगर लगाया जाता है।

## मिनर्वा के 4 सॉकर स्टार एएफसी एशियन कप के लिए भारतीय टीम में

दर्पण न्यूज सर्विस
चंडीगढ़



मिनर्वा एकेडमी के 4 सॉकर स्टार्स संदेश झिंगन, अनिरुद्ध थापा, मनवीर सिंह और विक्रम प्रताप सिंह ने प्रतिष्ठित एएफसी एशियन कप 2023 के लिए भारतीय राष्ट्रीय टीम टीम में जगह बनाई है। उनके अटूट दृढ़ संकल्प और बेजोड़ कौशल ने उन्हें टीम की ताकत बनाया है। भारतीय कोच इगोर स्टीमैक ने एशियन फुटबॉल सर्किट के लिए चार मिनर्वा स्टार्स पर विश्वास जताया है। भारतीय टीम के डिफेंस की ताकत के रूप में संदेश झिंगन मैदान पर होंगे। उनके पास कमाल का अनुभव है और वे टीम के लिए बेहद अहम साबित होंगे। झिंगन की मौजूदगी भारतीय टीम के लिए अहम है और वे दीवार की तरह मैदान पर होंगे, जिन्हें भेदना किसी टीम के लिए आसान नहीं होगा। वहीं, मिडफील्ड एरिया में भारतीय टीम को बल अनिरुद्ध थापा से मिलेगा। वे एक अहम खिलाड़ी हैं और हर तरह से टीम को मजबूत करेंगे। वे गोल बचाने में भी माहिर हैं और जरूरत पढ़ने पर गोल भी कर सकते हैं। थापा ने एएफसी एशियन कप 2019 में एक लुभावने गोल के साथ अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिससे भारत ने थाईलैंड पर 4-1 से शानदार जीत हासिल की। मिनर्वा के तीसरे प्लेयर मनवीर सिंह को गोल मशीन माना जाता है। वे बिजली की तेज गति के साथ गोल करने में एक्सपर्ट माने जाते हैं। मनवीर सिंह को गोल करने में महारत हासिल है और वे लगातार गोल के लिए मूव बनाकर टीम को अच्छी स्थिति में पहुंचाने के लिए पहचाने जाते हैं। इसके अलावा चौथे खिलाड़ी के रूप में विक्रम प्रताप सिंह मैदान पर होंगे। वे राष्ट्रीय टीम में नए हैं और उन्होंने अपनी गेम से सभी को प्रभावित किया है।

## बावा लाल दयाल मंदिर कमेटी ने हलवे का प्रसाद बांटकर किया नए साल का आगाज

दर्पण न्यूज सर्विस
कालका



हर वर्ष की तरह इस साल भी बावा लाल दयाल मंदिर कमेटी की ओर से हलवा का प्रसाद बांटकर नए साल की शुरूआत की गई। मंदिर कमेटी के प्रधान गुलशन राय ने बताया कि मंदिर में सुबह 9:00 से 10:30 बजे तक सुंदरकांड पाठ किया गया। उस उपरांत मंदिर के गेट पर राहगीरों को हलवा का प्रसाद बांटा गया, साथ में लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर झुग्गी-बस्तियों में जाकर जरूरतमंद लोगों को पुराने कपड़े वितरित किये गए।

मंदिर के प्रधान गुलशन राय ने बताया कि लोहड़ी से अगले दिन माघी पर जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा, साथ में खिचड़ी का लंगर भी लगाया जाएगा। इस मौके पर मंदिर कमेटी की ओर से गुलशन राय, लाल चंद, नरेंद्र डोगरा, रघुवंश मल्होत्रा, सुभाष कपूर, डॉ प्रिया, सुभाष कोहली, राज पाल डोगरा, विजय कुमार चौबे, हन्नी बजाज, आयुष आदि मौजूद थे।

यात्रा

## गांववासियों ने यात्रा का किया भव्य स्वागत

# विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद पंहुची खंड रायपुररानी के गांव सरकपुर

- पूर्व विधायिका लतिका शर्मा ने बीसी चैपाल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में करी शिरकत

दर्पण न्यूज सर्विस
पंचकूला




ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित की जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद खंड रायपुररानी के गांव सरकपुर में प्रवेश कर गई। इस अवसर पर गांव की बीसी चैपाल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कालका की पूर्व विधायिका लतिका शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में पहुचने पर गांव के सरपंच अमनदीप ने लतिका शर्मा का स्वागत किया। इस अवसर बीडीसी चैयरमेन सतबीर राणा भी उपस्थित थे। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए लतिका शर्मा ने कहा कि विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत 15 नवम्बर, 2023 को आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र झारखंड के खूंटी से किया है जबकि हरियाणा में 30 नवम्बर 2023 से इस यात्रा का शुभारंभ हुआ है। ह्यह्यविकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्राह्यह्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्रव्यापी आउटरिच पहल है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की कल्याणकारी नीतियों के बारे में जागरूकता पैदा करना और उनकी शत-प्रतिशत परिपूर्णता सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि यह समाज के सभी वर्गों विशेषकर, वंचित वर्गों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की एक अनूठी पहल है। यह यात्रा प्रदेश के हर गांव व हर शहर से होकर गुजरेगी। इस यात्रा के दौरान गरीब वर्गों के लोगों, महिलाओं, युवाओं, किसानों, मध्यम वर्ग के लोगों के लिए केन्द्र व राज्य सरकार की स्कीमों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जाएगी ताकि उनके स्कीमों के प्रति जागरूकता पैदा हो और वे इनका लाभ उठा सकें। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि यात्रा वाले दिन विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों पर पंहुचकर इन योजनाओं का लाभ उठाए। इससे पूर्व उन्होने विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया और लोगों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए और उपस्थित जनों को विकसित भारत की शपथ भी दिलवाई। इसके उपरांत विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद रायपुररानी खंड के गांव टाबर में प्रवेश कर गई, जहां गांववासियों और अन्य मौजूज व्यक्तियों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय टाबर में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें रायपुररानी मंडलाध्यक्ष मदन धीमान ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने लोगों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तापूर्वक जानकारी दी।